E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
13 अक्टूबर, 2026
मंगलवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 90 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | सोच नई, राजस्थान के लिए | मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

प्रदेश के 3 अस्पतालों में इनकम टैक्स की रेड: रिकॉर्ड और सर्वर रूम में सर्च

जयपुर, झुंझुनूं और बहरोड़ के तीन निजी अस्पतालों पर कार्रवाई, 20 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी के खुलासे की संभावना, अलसुबह पहुंची इनकम टैकस विभाग की टीमें

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान में आयकर विभाग की टीमों ने तीन हॉस्पिटल पर सोमवार सुबह छापेमारी की। पार्क ग्रुप के जयपुर, झुंझुनूं और कोटपूतली-बहरोड़ में हॉस्पिटल पर छापेमारी की गई है। जयपुर में मानसरोवर स्थित अमर मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर, झुंझुनूं के चूरू रोड स्थित आरआर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और बहरोड़ के पार्क हॉस्पिटल में रेड की गई है। सुबह करीब 5 से 6:30 बजे के बीच इनकम टैक्स विभाग की टीमें तीनों हॉस्पिटल पहुंचीं। इस दौरान हॉस्पिटलों के सभी एंट्रेस और एक्जिट पूरी तरह बंद कर दिए गए। पुलिस टीम को हॉस्पिटल के गेटों पर तैनात किया गया।

इस दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश और हॉस्पिटलों में मौजूद मरीजों, उनके परिजनों और कर्मचारियों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। इनकम टैक्स सूत्रों के मुताबिक, पार्क ग्रुप के हॉस्पिटलों में बड़े पैमाने पर कैश लेन-देन से टैक्स चोरी और वित्तीय अनियमिताओं की सूचना मिली थी। ग्रुप के हॉस्पिटलों से 20 करोड़ रुपए से ज्यादा की टैक्स चोरी का खुलासा होने की संभावना है। जांच पूरी होने के बाद ही टैक्स चोरी की असल स्थिति के बारे में पता चल सकेगा। आयकर विभाग की टीमों ने हॉस्पिटलों के रिकॉर्ड रूम और सर्वर रूम में सर्च किया गया। टीमों को सर्च में कुछ जरूरी डॉक्यूमेंट और डिजिटल रिकॉर्ड भी मिला है। अस्पताल के वित्तीय लेन-देन, कर भुगतान और सरकारी योजनाओं के तहत किए गए दावों से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले गए। टीम कंप्यूटर, सर्वर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में मौजूद डिजिटल डेटा की जांच की। इसके अलावा बिलिंग रिकॉर्ड, बैंक खातों के विवरण और अन्य दस्तावेज भी जांच के दायरे में हैं।



बहरोड़ के पार्क हॉस्पटिल में सुबह 5 बजे रेड

कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बहरोड़ में पार्क अस्पताल में सोमवार सुबह 5 बजे इनकम टैक्स विभाग ने रेड मारी। 5 गाड़ियों में आए टीम के सदस्यों ने अस्पताल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (COO) और अकाउंट्स विभाग के अधिकारियों से पूछताछ की। टीम ने अस्पताल की आय और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े रिकॉर्ड की जानकारी जुटाई। इनमें पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS), राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS), मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAA स्कीम) और आयुष्मान योजना सहित अन्य योजनाओं से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं।

ब्रीफ न्यूज

अभिषेक ने सबसे तेज 2000 टी-20 रन बनाए



इंदौर। भारत ने तीसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 14 रन से हरा दिया। इंदौर में खेले गए मुकाबले में अभिषेक शर्मा टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 2 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। अभिषेक ने एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने में सूर्यकुमार यादव की बराबरी भी की। वहीं, तिलक वर्मा टी-20 में 50 कैच पूरे करने वाले पांचवे भारतीय खिलाड़ी बन गए। अभिषेक ने 1,024 गेंद में सबसे तेज 2 हजार रन बनाए। उन्होंने सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1,164 गेंद में यह कारनामा किया था।

रिटेल महंगाई लगातार ग्यारहवें महीने बढ़ी

मुंबई। सितंबर में रिटेल महंगाई बढ़कर 5.54% पर पहुंच गई है। अगस्त में यह 4.82% थी। आलू, प्याज, टमाटर रजैसी सब्जियों और खाने-पीने की चीजों के दाम चढ़े हैं। मिडिल ईस्ट में तनाव की वजह से कच्चा तेल भी महंगा हुआ है। इन कारणों से महंगाई लगातार 11वें महीने बढ़ी है। खाने-पीने की चीजों की महंगाई 5.97% से बढ़कर 7.74% हो गई है। ग्रामीण महंगाई 5.24% से बढ़कर 6.08% पर पहुंच गई है। महंगाई पर लगाम लगाने के लिए RBI ने इस माह पहली बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है।

» अंदर विशेष

▪ जोड़ों की गतिशीलता बनाए रखने के लिए समय पर निदान जरूरी

...पढ़े पेज 2 पर

▪ चूरू: प्रबल कार्यक्रम का शुभारंभ, 8 ब्लॉकों के 16 विद्यार्थियों ने लिया भाग

...पढ़े पेज 3 पर

राहुल ने आज विपक्षी सांसदों को चाय पर बुलाया

विपक्ष का सुप्रीम कोर्ट तक मार्च: SIR और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिका लगाई

नई दिल्ली। राहुल, प्रियंका, खड़गे के साथ अन्य विपक्षी सांसद सोमवार शाम अचानक सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंचे। पहले विपक्षी सांसदों ने दिल्ली के बाराखंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च निकाला था। उन्हें 500 मीटर पहले रोक दिया गया था। यह पहली बार है जब विपक्षी नेताओं ने किसी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला। SIR में गड़बड़ी के खिलाफ विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत 11 विपक्षी नेता याचिकाकर्ता हैं। राहुल ने आगे की रणनीति तय करने के लिए 13 अक्टूबर को सभी विपक्षी सांसदों के अपने घर चाय पर बुलाया है। मार्च के पहले राहुल गांधी ने 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा था कि विपक्ष का मार्च शिवजी की बारात की तरह है, इसमें कोई भी शामिल हो सकता है।

वकील भी पहुंचे

तेजस्वी बोले- देश की जनता उन्हें नहीं भूलेगी

तेजस्वी यादव ने कहा, देश की जनता उन्हें नहीं भूलेगी। हम सभी लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। अब उन्हें सजा देने का समय आ गया है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने INDIA ब्लॉक के सुप्रीम कोर्ट तक मार्च के दौरान कहा, लोकतंत्र की रक्षा किसी भी राजनीति से ऊपर है। नागरिकों से उनके वोट देने का अधिकार छीन लिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा- आंदोलन और धरना जारी रहेगा। लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। BJP, चुनाव आयोग के साथ मिलकर संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। वह हमेशा सत्ता में बने रहना चाहती है। वे फर्जी वोटर लिस्ट बनाते हैं, फर्जी वोट डालते हैं और चुनाव के नतीजे तैयार करते हैं। सरकार प्रदर्शन की जगह बदलकर खुद को नहीं बचा सकती और न ही प्रदर्शन स्थल बदलने से कथित गड़बड़ियां छिप सकती हैं। हम लोकतंत्र के लिए आवाज उठाते रहेंगे।

राहुल-प्रियंका पिछले हफ्ते 3 बार हिरासत में

विपक्षी सांसदों ने 6, 7, 8 और 9 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और SIR के विरोध में प्रदर्शन किया था। इस दौरान तीन बार राहुल और प्रियंका गांधी को पुलिस ने हिरासत में भी लिया।

लीज रास्ते के विवाद में हुई पूर्व विधायक की हत्या: गार्ड बोला- पहले लाइट गई फिर अचानक हमला

भड़ाना और भौंडा के ग्रामीणों के बीच 2 साल से चल रहा था विवाद

थिंक राजस्थान • भरतपुर

भरतपुर के बयाना में सिलिका पत्थर की लीज तक जाने के रास्ते को लेकर पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना और भौंडा गांव के लोगों के बीच करीब 2 साल से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के बीच 11 अक्टूबर को करीब 80 लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में गंभीर घायल अतर सिंह की जयपुर के SMS हॉस्पिटल में रात 11:30 बजे मौत हो गई। घायल सिक्योरिटी गार्ड गगन सिंह ने बताया- लीज स्थित मेस में खाना बना रहे थे। इस दौरान अचानक लाइट कटने के बाद लोगों ने हमला कर दिया। चोट लगने से बेहोश होने के बाद क्या हुआ कुछ पता नहीं। ग्रामीण लीज तक आने-जाने के लिए चारागाह की जमीन के उपयोग का विरोध कर रहे थे। घटना से पहले रविवार शाम को धरना स्थल पर विवाद हुआ था।

इस मामले में पहले भी कई बार धरना-प्रदर्शन हुए और लीज पर काम भी बंद करना पड़ा। सांसद भजन लाल जाटव भी लीज पर अवैध खनन और चारागाह जमीन पर कब्जे की शिकायत कर चुके थे। वहीं, करीब 8 महीने पहले उनकी पत्नी कमलेश भड़ाना पर भी फायरिंग के आरोप में FIR दर्ज हुई थी। मौके से पकड़े गए दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया था।

पूर्व विधायक की पत्नी के खिलाफ दर्ज है एफआईआर

भौंडा गांव के रहने वाले चंदराम ने पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की पत्नी कमलेश भड़ाना पर कर्मचारियों के साथ हमला करने और फायरिंग करने का आरोप लगाया था। 1 फरवरी को इसकी वैर थाने में FIR भी दर्ज करवाई गई थी। चंदराम ने आरोप लगाया था कि पशु चराने के दौरान उस पर अचानक हमला कर दिया।

हमले के मामले में 32 नामजद, 16 हिरासत में

पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की मौत के मामले में उनकी पत्नी कमलेश भड़ाना ने वैर थाना पुलिस को रिपोर्ट देकर करीब 32 लोगों को नामजद किया है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि भौड़ा गांव स्थित खनन पट्टे पर करीब 80 लोग पहुंचे और फायरिंग करते हुए अतर सिंह भड़ाना पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला किया। पुलिस ने मामले में 16 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कमलेश भड़ाना के अनुसार, रविवार शाम करीब 7 बजे वह अपने पति के साथ खनन क्षेत्र में बने आवास पर मौजूद थीं। इसी दौरान बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचे और अतर सिंह भड़ाना को घेरकर लाठी-सरियों से हमला कर दिया। रिपोर्ट में कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट, कार्यालय व कमरों में आग लगाने तथा थ्रेसर मशीनों में तोड़फोड़ करने के आरोप भी लगाए गए हैं। बीच-बचाव करने पर कमलेश के साथ मारपीट किए जाने की बात भी रिपोर्ट में कही गई है। एसपी राजेश मीणा ने बताया कि मृतक की पत्नी की रिपोर्ट के आधार पर करीब 32 लोगों को नामजद किया गया है। इसके अलावा अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, करीब 16 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है। रिपोर्ट में 25 सितंबर को भी क्रेशर परिसर में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट और तोड़फोड़ किए जाने का आरोप लगाया गया है।

भाजपा ने जयपुर की पूर्व जिला प्रमुख को फिर दिया टिकट

मुख्यमंत्री के करीबी को भी मैदान में उतारा

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर। भाजपा ने सोमवार रात को पंचायतीराज चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। इसमें जयपुर जिला परिषद के 55 वार्डों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं, जबकि 2 वार्डों के प्रत्याशियों के नाम विचाराधीन रखे हैं। भाजपा ने 31 वार्डों में महिला उम्मीदवार उतारे हैं।

पहले चरण में जयपुर जिला परिषद के 22 वार्डों में चुनाव होंगे, लेकिन भाजपा ने 2 वार्डों को छोड़कर सभी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने वार्ड 18 से पूर्व जिला प्रमुख रमा चौपड़ा को एक बार फिर से चुनावी मैदान में उतारा है। इसके अलावा जयपुर दक्षिण के जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर को टिकट दिया है। राजेश गुर्जर सीएम भजनलाल शर्मा के करीबी माने जाते हैं। राजेश गुर्जर को जयपुर दक्षिण जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। उस समय इनके पदभार ग्रहण समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा पहुंचे थे और इन्हें पदभार ग्रहण करवाया था। राजेश गुर्जर के टिकट की घोषणा होने के बाद सियासी चर्चाएं शुरू हो गई है कि जयपुर जिला परिषद में बीजेपी का बोर्ड बनता है तो राजेश गुर्जर जिला प्रमुख की दौड़ में सबसे आगे होंगे।

6 राज्यों में राज्यपाल बदले, ओम माथुर केरलम के गवर्नर बने

नई दिल्ली। 6 राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्त किए हैं। इनमें एक महिला हैं। ओम प्रकाश माथुर को केरल का राज्यपाल बनाया गया है। वहीं तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर होंगे। डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक की राज्यपाल बनाया गया है। वहीं बृज मोहन राम ओडिशा, डॉ. ढाल सिंह बिसेन उत्तराखंड और दुष्यंत गौतम सिक्किम के गर्वनर होंगे।

ओम प्रकाश माथुर भाजपा के वरिष्ठ नेता और अनुभवी संगठनकर्ता हैं। राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर 1989 में भाजपा से जुड़े। बृज मोहन राम भाजपा के नेता और पूर्व सांसद हैं। डॉ. सुधा यादवः 1999 में एक बार सांसद रहीं, संसदीय बोर्ड में शामिल हुईं।

अमेरिकी अर्थशास्त्रियों ने रिसर्च से समझाया- महंगाई रोकना मुश्किल क्यों होता है

मंदी में नौकरियां क्यों घटती हैं, समझाने पर इकोनॉमिक्स का नोबेल

स्टॉकहोम। 2026 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार अमेरिकी अर्थशास्त्रियों रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को मिला है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को इसकी घोषणा की। दोनों को कुल 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी 11.5 करोड़ रुपए की राशि बराबर बांटी जाएगी। दोनों को यह सम्मान ऐसे आर्थिक मॉडल विकसित करने के लिए दिया गया है, जिनसे मंदी और महंगाई जैसी समस्याओं से निपटने के लिए बेहतर नीतियां बनाने में मदद मिलती है।

उनकी रिसर्च बताती है कि लोगों के खर्च और कंपनियों के फैसले अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित करते हैं। इससे सरकारों और केंद्रीय बैंकों को यह समझने में मदद मिलती है कि आर्थिक संकट के समय कौन-से कदम उठाए जाने चाहिए। जब लोग खर्च कम कर देते हैं, तो बाजार में सामान और सेवाओं की मांग घट जाती है। ऐसे में कंपनियों को अपना उत्पादन कम करना पड़ सकता है। इससे नई भर्तियां रुक सकती हैं और कुछ कर्मचारियों की नौकरी भी जा सकती है। अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने करीब 100 साल पहले बताया था कि अर्थव्यवस्था में मांग कम होने पर सरकार खर्च बढ़ाकर हालात सुधारने में मदद कर सकती है। इससे कारोबार को सहारा मिलता है और रोजगार के मौके बढ़ सकते हैं। रॉबर्ट हॉल की रिसर्च ने इस बात को समझने में मदद की कि परिवार अपनी कमाई और भविष्य की उम्मीदों के आधार पर खर्च तय करते हैं। अगर लोगों को लगता है कि आगे उनकी आमदनी घट सकती है, तो वे आज ही खर्च कम कर सकते हैं। जब बहुत से परिवार ऐसा करते हैं, तो इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

महंगाई रोकना मुश्किल क्यों होता है

महंगाई सिर्फ लोगों के ज्यादा खर्च करने से नहीं बढ़ती। कंपनियों के फैसले और भविष्य को लेकर उनकी उम्मीदें भी इसके पीछे अहम भूमिका निभाती हैं। उदाहरण के लिए, अगर कंपनियों को लगता है कि आगे कच्चे माल, ऊर्जा या दूसरी चीजों की लागत बढ़ेगी, तो वे अपने उत्पादों के दाम पहले ही बढ़ा सकती हैं। कई कंपनियां मांग घटने पर भी कीमतें तुरंत कम नहीं करतीं, क्योंकि बार-बार दाम बदलने में समय और पैसा लगता है। माइकल वुडफोर्ड के आर्थिक मॉडल बताते हैं कि कंपनियों के कीमत तय करने के फैसले और भविष्य को लेकर उनकी उम्मीदें महंगाई को कैसे प्रभावित करती हैं। इससे केंद्रीय बैंकों को यह समझने में मदद मिलती है कि ब्याज दरों में बदलाव का कीमतों पर क्या असर पड़ सकता है।

ब्याज दरें घटाने या बढ़ाने से क्या होता है; केंद्रीय बैंक ब्याज दरों के जरिए अर्थव्यवस्था में खर्च और कर्ज लेने की रफ्तार को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। ब्याज दरें घटने से कर्ज लेना सस्ता हो सकता है। लोग घर, गाड़ी और दूसरी चीजें खरीदने के लिए कर्ज ले सकते हैं। कंपनियां भी कारोबार बढ़ाने के लिए निवेश कर सकती हैं। इससे मांग बढ़ने और रोजगार को सहारा मिलने की संभावना रहती है।

सोना ₹1,005 सस्ता: 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1.48 लाख रुपए

पिछले माह सितंबर में 8 हजार रुपए गिरा था

नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में 12 अक्टूबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,005 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए आ गया है। वहीं, एक किलो चांदी 235 रुपए घटकर 2.21 लाख रुपए पर आ गई है।

इससे पहले बीते महीने यानी सितंबर में सोना 8 हजार और चांदी 15 हजार सस्ती रुपए हुई। 31 अगस्त को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था जो 30 सितंबर को 1.48 लाख रुपए पर आ गया। इसी तरह 1 किलो चांदी की कीमत 2.37 लाख रुपए से गिरकर 2.22 लाख रुपए पर आ गई। विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है: अमेरिका के केंद्रीय बैंक 'फेडरल रिजर्व' ने 3 साल में पहली बार ब्याज दरें बढ़ाई है। इससे सोने के दाम में गिरावट है। निवेशकों को सतर्क रहना चाहिए क्योंकि बाजार में अब भी कमजोरी के संकेत दिख रहे हैं। किसी भी बड़ी गिरावट पर खरीदारी का मौका भी बन सकता है।

सर्टिफाइड गोल्ड खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है। सोने का सही वजन और कीमत कई सोर्सेज से क्रॉस चेक करें।

भामाशाह प्रदीप सर्राफ ने मेहरासर चाचेरा के सरकारी स्कूल को भेंट किया स्मार्ट बोर्ड

थिंक राजस्थान • मेहरासर चाचेरा (सरदारशहर)

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मेहरासर चाचेरा में सोमवार को भामाशाह प्रदीप सर्राफ ने गांधी बाल निकेतन, रतनगढ़ के सचिव राजीव उपाध्याय की प्रेरणा से इंटरैक्टिव स्मार्ट बोर्ड भेंट किया। इसके लोकार्पण के बाद विद्यार्थियों में खुशी का माहौल रहा और उन्होंने डिजिटल बोर्ड से पढ़ाई का अनुभव लिया। विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार पारीक ने भामाशाह सर्राफ और प्रेरक उपाध्याय का आभार जताते हुए कहा कि आधुनिक दृश्य-श्रव्य तकनीक से शिक्षण अधिक प्रभावी होगा। विद्यार्थी अब देखकर और करके बेहतर ढंग से सीख सकेंगे।

शिक्षकों ने बताया कि स्मार्ट बोर्ड में 20-पॉइंट टच, 4K अल्ट्रा HD डिस्प्ले और डिजिटल लेखन जैसी सुविधाएं हैं। इसके माध्यम से गणित के सवालों को एनिमेशन, विज्ञान के विषयों को 3D चित्रों और सामाजिक विज्ञान के मानचित्रों के जरिए समझाया जा सकेगा। साथ ही, प्रयोगों के सिमुलेशन और नोट्स को पीडीएफ के रूप में साझा करने की सुविधा भी मिलेगी। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सरकारी विद्यालय में आधुनिक तकनीक उपलब्ध होने पर प्रसन्नता जताई। कार्यक्रम में सीताराम शर्मा, नरेंद्र सिंह राठौड़, अशोक पारीक, राधाकृष्ण, पुष्पा सोनी, साक्षी बोहरा, तिलोकाराम सहित विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य पारीक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

ब्रीफ न्यूज

मोबाइल चार्जर में धमाका, दुकान में आग लगी:अफरा-तफरी मची

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

सूरजगढ़ बरासिया कॉलेज बस स्टैंड के पास स्थित साइकिल की दुकान में मोबाइल चार्जर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही जीवन ज्योति रक्षा समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे और अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, दुकान में मोबाइल चार्जर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर जीवन ज्योति रक्षा समिति के सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने का प्रयास किया और आग पर काबू पा लिया। घटना के बाद दुकान में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। समिति सदस्यों की तत्परता से आग को फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया।

युवक पर चढ़ा डंपर:बाइक को साइड से टक्कर मारी, इलाज के दौरान मौत

थिंक राजस्थान • पाली

पाली में एक 18 साल के युवक की बाइट को डंपर ने टक्कर मार दी। यूवर जमीन पर गिरा तो उसके ऊपर डंपर का टायर चढ़ गया। युवक की गंभीर हालत में इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। गुड़ा एंदला थाने के गुंदोज चौकी प्रभारी समुंद्रसिंह राजपुरोहित ने बताया- गुंदोज निवासी 18 साल का भानू पुत्र छगनलाल मालवीय रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे बाइक से जा रहा था। इस दौरान गुंदोज बस स्टैंड के पास उसकी बाइक को साइड से डम्पर ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी कई पसलियां टूट गई। मौके पर मौजूद लोग उसे गुंदोज से पाली लाए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार गुंदोज गांव में सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। एक तरफ का रास्ता बंद है और दूसरी तरफ के रास्ते से ही आना-जाना होता है। जिसके कारण ये हादसा हुआ। मृतक युवक ने पढ़ाई छोड़ रखी है और फोटोग्राफी का काम गुंदोज में एक स्टूडियो पर सीख रहा था।

एमडी के साथ युवक गिरफ्तार: भुरियासनी से सांवलता खुर्द जाने वाले रास्ते पर पकड़ा

थिंक राजस्थान • पाली

पाली जिले के रोहट थाना पुलिस ने एमडी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से बाइक भी बरामद की। रोहट थानाप्रभारी पाना चौधरी ने बताया- सूचना मिली थी कि सावलंता खुर्द में हर्षवर्धन उर्फ हनीसिंह के पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ है। ऐसे में पुलिस सावलंता खुर्द पहुंची। भुरियासनी से सांवलता खुर्द जाने वाले रास्ते पर हर्षवर्धन सिंह उर्फ हनीसिंह(19) पुत्र नरपतसिंह निवासी सांवलता खुर्द (रोहट) को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 48.78 ग्राम एमडी मिली। पूछताछ में सही जवाब नहीं देने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी एमडी कहां से लेकर आया और कहां सप्लाई करने की योजना थी, इसको लेकर जांच की जा रही है।

बयाना: जमीनी विवाद में युवक पर फायरिंग, दो आरोपी गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • बयाना

बयाना के गढ़ी बाजना थाना पुलिस ने तरसूमा गांव में चार दिन पहले हुई फायरिंग के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर जमीनी विवाद को लेकर एक युवक पर गोली चलाने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तरसूमा निवासी हेमसिंह (64) और रनवीर (53) के रूप में हुई है। दोनों वर्तमान में बाड़ी सदर थाना क्षेत्र के तामोटी गांव में रह रहे थे। एसएचओ श्यामलाल मीणा ने बताया कि 8 अक्टूबर को तरसूमा निवासी अनिल कुमार गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि आरोपियों ने उसे जान लेने के इरादे से अवैध हथियार से गोली मारी। अनिल के पैर में छर्रे लगे, जिससे वह घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। शुरुआती जानकारी के अनुसार, खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए बाजरा ले जाने को लेकर विवाद हुआ था। इसी रंजिश में युवक पर फायरिंग की गई। गढ़ीबाजना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। एएसआई दरबसिंह ने पुलिस टीम के साथ दोनों आरोपियों को पकड़ा। पुलिस अब वारदात में इस्तेमाल हथियार और दूसरे पहलुओं की जांच कर रही है।

विश्व आर्थराइटिस दिवस: जोड़ों की गतिशीलता बनाए रखने के लिए समय पर निदान जरूरी

बार-बार होने वाले दर्द, अकड़न और सूजन को नजरअंदाज नहीं करे

थिंक राजस्थान • जयपुर

जोड़ों के दर्द को अक्सर बढ़ती उम्र का सामान्य हिस्सा, लंबे समय तक काम करने का परिणाम या रोजमर्रा की गतिविधियों से होने वाला खिंचाव मानकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। हालांकि, डॉक्टरों का कहना है कि बार-बार होने वाला दर्द, अकड़न या सूजन जोड़ों से जुड़ी किसी अंतर्निहित बीमारी का संकेत हो सकती है, इसलिए इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। 12 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विश्व गठिया दिवस (World Arthritis Day) के अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने समय पर बीमारी की पहचान और उपचार के महत्व पर जोर दिया है। इस वर्ष की थीम "अपने सपनों को साकार करें" (Achieve Your Dreams) है, जो रूमेटिक एवं मस्कुलोस्केलेटल बीमारियों से जूझ रहे लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को दर्शाती है। यह थीम इस बात पर भी जोर देती है कि समय पर उपचार और उचित सहयोग से लोगों को सक्रिय रहने तथा अपने लिए महत्वपूर्ण गतिविधियों को जारी रखने में मदद मिल सकती है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के एडिशनल डायरेक्टर, डॉ. दिलीप मेहता ने कहा, "जोड़ों के दर्द को अपने आप बढ़ती उम्र का सामान्य हिस्सा नहीं मान लेना चाहिए, विशेषकर तब, जब दर्द लगातार बना रहे या रोजमर्रा की गतिविधियों में बाधा डालने लगे। समय पर निदान और उचित उपचार से जोड़ों की कार्यक्षमता बनाए रखने तथा लोगों को सक्रिय जीवन जीने में मदद मिल सकती है।"

डॉ. दिलीप मेहता, एडिशनल डायरेक्टर, ऑर्थोपेडिक्स, फोर्टिस एस्कोर्ट्स अस्पताल, जयपुर



डॉक्टर से कब परामर्श लें?

अधिक शारीरिक मेहनत के बाद होने वाली कभी-कभार की परेशानी आमतौर पर आराम करने से कम हो जाती है। हालांकि, निम्नलिखित लक्षण लगातार बने रहने या बार-बार होने पर डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए:

- घुटनों, कूल्हों, कंधों, हाथों या अन्य जोड़ों में दर्द।
- सुबह उठने पर या लंबे समय तक निष्क्रिय रहने के बाद जोड़ों में अकड़न।
- जोड़ों के आसपास सूजन, छूने पर दर्द या असामान्य गर्माहट।
- जोड़ को सामान्य रूप से मोड़ने या हिलाने-डुलाने में कठिनाई।
- चलते समय, सीढ़ियां चढ़ते समय या व्यायाम करते समय दर्द।
- जोड़ों का दर्द, जिससे नींद या रोजमर्रा की दिनचर्या प्रभावित हो।

गठिया केवल बुजुर्गों की समस्या नहीं

गठिया (Arthritis) एक व्यापक शब्द है, जिसके अंतर्गत जोड़ों और उनके आसपास के ऊतकों को प्रभावित करने वाली कई बीमारियां आती हैं। ऑस्टियोआर्थराइटिस उम्र बढ़ने के साथ अधिक आम हो जाता है, लेकिन गठिया के सूजन संबंधी प्रकार युवाओं को भी प्रभावित कर सकते हैं। जोड़ों में पहले लगी चोट, अधिक वजन, बार-बार एक जैसी शारीरिक गतिविधियां करने से पड़ने वाला दबाव, कुछ ऑटोइम्यून बीमारियां और आनुवंशिक कारक गठिया का जोखिम बढ़ा सकते हैं। इसके लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं, इसलिए सही चिकित्सकीय मूल्यांकन आवश्यक है।

जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए उपयोगी सुझाव

- वजन को स्वस्थ सीमा में बनाए रखें, ताकि शरीर का भार सहने वाले जोड़ों पर दबाव कम पड़े।
- अपनी शारीरिक क्षमता और फिटनेस के अनुसार नियमित व्यायाम करें तथा सक्रिय रहें।
- जोड़ों को सहारा देने वाली आसपास की मांसपेशियों को मजबूत बनाएं।
- लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठने या खड़े रहने से बचें।
- लगातार बने रहने वाले दर्द, अकड़न या सूजन को नजरअंदाज न करें।
- दर्द लगातार बना रहे या बढ़ता जाए, तो डॉक्टर से परामर्श लें।
- डॉक्टर द्वारा बताई गई व्यायाम, उपचार या पुनर्वास योजना का पालन करें।

गांव में बेकाबू कार दीवार से टकराकर पलटी: ग्रामीणों ने ड्राइवर को बाहर निकाला

थिंक राजस्थान • जोधपुर

बोरावास गांव की गलियों में दौड़ रही एक कार अचानक दीवार में जा घुसी, फिर पलट गई। हादसे के बाद कार में फंसे ड्राइवर को ग्राणीणों ने खींचकर गाड़ी से बाहर निकाला। ग्रामीणों का आरोप है कि ड्राइवर नशे में था। हालांकि, गनीमत रही कि घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों को कोई चोट नहीं लगी। इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। घटना बनाड़ थाना क्षेत्र के बोरावास गांव की सोमवार शाम की है।

जानकारी के मुताबिक, बोरावास गांव में कुशाल सरगरा का मकान है। यहां आज (सोमवार) शाम के समय एक तेज स्पीड कार गली में टर्न लेते हुए दीवार से जा टकराई। हादसे के बाद कार पलटी खा गई। ग्रामीणों ने बताया कि कार ड्राइवर नशे में था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। घटना के समय आसपास बने मकानों के लोग भी मौजूद थे, हालांकि, गनीमत रही कि उन्हें चोट नहीं लगी। हादसे के बाद लोगों ने पलटी खाई कार से ड्राइवर को बाहर निकाला। इसके बाद में पुलिस को सूचना दी।

चलती कार को आग लगाकर भागने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

वारदात में काम ली क्रेटा जब्त, बस रूट विवाद को लेकर किया था हमला

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर के ओसियां में बस रूट को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला और कार में आग लगाने के मामले में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है, साथ ही वारदात में काम में ली गई गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। आरोपियों ने पहले कार का पीछा कर उसे टक्कर मारी, फिर सड़क किनारे तारबंदी में धकेल दिया। इसके बाद तलवार और कुल्हाड़ी से हमला कर कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

मामले को लेकर जोधपुर ग्रामीण एसपी पंकज यादव के निर्देशन में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में काम में ली क्रेटा गाड़ी को जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, बेहचारणान निवासी सुजानदान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 1 अक्टूबर 2026 की रात करीब 8 बजे वह अपने भाई प्रकाशदान के साथ कार से एकलखोरी से गांव लौट रहे थे। इस दौरान सिल्वर रंग की क्रेटा कार लगातार उनका पीछा कर रही थी। डाबड़ी चौराहे पर स्पीड ब्रेकर के पास उनकी कार धीमी हुई तो क्रेटा सवारों ने जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि उनकी कार को घसीटते हुए सड़क से नीचे तारबंदी में धकेल दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने कार के शीशे तोड़ने शुरू कर दिए। परिवादी के मुताबिक, आरोपियों ने कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जब प्रकाशदान बाहर निकले तो भंवरदान ने उनके सिर पर तलवार से वार किया, जबकि आवडदान ने कुल्हाड़ी से हमला किया। आरोपियों ने उन्हें गाड़ी से कुचलने का प्रयास भी किया और जेब से 5 हजार रुपए निकाल लिए।

घूंघट की आड़ में महिला प्रत्याशी पहुंची नामांकन जमा करने: पाली में जिलेभर से पहुंचे दावेदार

थिंक राजस्थान • पाली

पंचायत चुनाव के पहले चरण के चुनाव को लेकर आवेदन लेने की प्रकिया शुरू हो चुकी है। सोमवार को कई प्रत्याशी आवेदन जमा करवाने पहुंचे। पाली कलेक्ट्रेट परिसर में आवेदन लिए जा रहे है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस तैनात की गई है। पहले चरण में जिले के सोजत, रानी, सुमेरपुर, बगड़ नगर और मारवाड़ जंक्शन पंचायत के चुनाव होंगे। पहले चरण के चुनाव के लिए बनाए 642 पोलिंग बूथ पहले चरण के मतदान के लिए जिले भर में 642 पोलिंग बूथ बनाए गए है। जिला परिषद के 18 वार्ड, पंचायत समिति के 95 वार्ड, 157 ग्राम पंचायतें और उनके 1513 वार्डो के लिए चुनाव होंगे।

पाली जिले के रुगड़ी रायपुरिया निवासी 67 साल के पूर्व सरपंच अनराज भी जिला परिषद सदस्य के लिए नामांकन भरने पहुँचें। 67 साल के होने के चलते वे बैसाखी के सहारे यहां पहुंचे। इसके साथ ही सोजत एरिया निरमा चौहान घूंघट की ओट में नामांकन जमा करवाने पहुचीं।

दूसरे चरण के लिए बनाए 528 बूथ: दूसरे चरण में देसूरी, बाली, पाली व रोहट पंचायत समितियों में जिला परिषद के 15 वार्ड, पंचायत समिति सदस्य के 84 वार्ड, 146 ग्राम पंचायतें, 1418 वार्ड पंचों के चुनाव होंगे। इसको लेकर 528 बूथ बनाए गए है। जिले भर में होंगे 33 जिला परिषद सदस्यों के चुनावदोनों चरणों में पाली जिले के 33 जिला परिषद सदस्य, 179 पंचायत समिति सदस्य, 303 सरपंच व 2931 वार्ड पंचों के चुनाव होंगे। इसको लेकर जिले भर में 1170 बूथ बनाए गए है।

13 तक आवेदन: 13 अक्टूबर तक आवेदन लिए जाएंगे। नामों की जांच 14 अक्टूबर से शुरू होगी। 15 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन दोपहर बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन किय जाएगा। पहले चरण में अब जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य की वोटिंग 22 अक्टूबर, पंच-सरपंच की वोटिंग 24 अक्टूबर को होगी।

ट्विंकल खन्ना 'पासिंग द लाइट' दिवाली कैंपेन में हुई शामिल: 2 दिन के जयपुर दौरे के बाद मुंबई रवाना, भारतीय कला-संस्कृति पर चर्चा की

थिंक राजस्थान • जयपुर

बॉलीवुड अभिनेत्री और लेखिका ट्विंकल खन्ना सोमवार को दो दिन के जयपुर दौरे के बाद मुंबई के लिए रवाना हो गईं। वे जयपुर में लग्जरी ज्वेलरी ब्रांड बुल्गारी के पहले वैश्विक दिवाली अभियान 'पासिंग द लाइट' से जुड़े कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। जयपुर के सिटी पैलेस में आयोजित इस विशेष आयोजन में भारतीय कला, संस्कृति और परंपराओं को समकालीन अंदाज में प्रस्तुत करने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में लेखक और बिजनेसमैन सुहेल सेठ ने भी शिरकत की। इस आयोजन का केंद्र बुल्गारी का दिवाली अभियान 'पासिंग द लाइट' रहा, जिसे भारतीय कलाकार डॉयल जोशी के सहयोग से तैयार किया गया है। अभियान के माध्यम से भारतीय संस्कृति, कला और रोशनी के प्रतीकात्मक महत्व को सामने लाने का प्रयास किया गया है।

इसकी विशेष प्रस्तुति जयपुर सेंटर फॉर आर्ट में आयोजित की गई।

अभियान के उद्घाटन से पहले आयोजित पैनल चर्चा में ट्विंकल खन्ना ने भारतीय कला और संस्कृति को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय कला और परंपराओं को सही समझ और सम्मान के साथ प्रस्तुत करना महत्वपूर्ण है। चर्चा में इस बात पर भी विचार हुआ कि भारत को अपनी कला और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करने की दिशा में और प्रयास करने चाहिए। ट्विंकल खन्ना ने परंपराओं के अपने जीवन में महत्व और भारतीय सांस्कृतिक पहचान से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी बात की। कार्यक्रम के दौरान वे आयोजकों और अन्य वक्ताओं के साथ मंच पर मौजूद रहीं और दर्शकों से रूबरू हुईं।

कलाकार डॉयल जोशी के साथ तैयार हुआ अभियान

'पासिंग द लाइट' अभियान को भारतीय कलाकार डॉयल जोशी के साथ मिलकर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य दिवाली से जुड़ी रोशनी और सांस्कृतिक परंपराओं को कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए प्रस्तुत करना है। वैश्विक लग्जरी ब्रांडों के भारतीय संस्कृति से जुड़ाव के बीच यह पहल स्थानीय कला और परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयास के रूप में भी देखी जा रही है।

पैनल चर्चा में बुल्गारी के मध्य पूर्व, अफ्रीका और भारत के प्रबंध निदेशक स्टेफान लार्हेर, कलाकार डॉयल जोशी और जयपुर सेंटर फॉर आर्ट की सह-संस्थापक नोएल कादर भी शामिल हुईं। चर्चा में ब्रांड, कला और सांस्कृतिक विरासत के बीच संबंधों पर विचार साझा किए गए।

बॉलीवुड के सुपरस्टार राजेश खन्ना और अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया की बेटी ट्विंकल खन्ना ने अपने करियर की शुरुआत अभिनेत्री के रूप में की थी, लेकिन समय के साथ उन्होंने अपनी पहचान का दायरा फिल्मों से आगे बढ़ाया। अभिनय के बाद उन्होंने लेखन, किताबों, फिल्म निर्माण और इंटीरियर डिजाइनिंग की दुनिया में अपनी जगह बनाई। अपनी बेबाक राय, व्यंग्यात्मक लेखन और ह्यूमर के लिए पहचानी जाने वाली ट्विंकल खन्ना आज एक अभिनेत्री के साथ-साथ लेखिका और निर्माता के रूप में भी जानी जाती हैं। 2015 में प्रकाशित उनकी पहली किताब 'मिसेज फनीबोन्स' को पाठकों के बीच काफी लोकप्रिय रही। इसके बाद उन्होंने 'द लीजेंड ऑफ लक्ष्मी प्रसाद', 'पायजामाज आर फॉरगिविंग' और 'वेलकम टू पैराडाइज' जैसी किताबें लिखीं। साल 2025 में उनकी किताब 'मिसेज फनीबोन्स रिटर्न्स' भी चर्चा में रही। लेखन के क्षेत्र में उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और पाठकों के बीच 'मिसेज फनीबोन्स' नाम से लोकप्रिय हुईं।

बोरड़ी माजीसा धाम की प्रणेता सुखी बाई का हुआ भव्य बधावणा

जसोल भटियाणी की आराधना से समृद्धि और बढ़ता है वैभवः सुखी बाई



थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

बोरड़ी माजीसा धाम की प्रणेता ओर आराध्या सुखी बाई का यहाँ कस्बे के विसोत माताजी मंदिर में गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत कर बधावणा किया गया। सुखी बाई के आगमन की जानकारी मिलते ही बिलाड़ा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंच गए। इस दौरान जसोल भटियाणी माता के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने(भोपी) सुखी बाई के जयकारे लगाकर उनका अभिनंदन किया। वहीं, महिलाओं ने जसोल माताजी के भजनों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सुखी बाई ने कहा कि जसोल भटियाणी माता की आराधना से जीवन में सुख-समृद्धि, वैभव और मानसिक शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। सनातन परंपरा में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती के विभिन्न स्वरूपों में शक्ति की उपासना का विशेष महत्व है। देवी आराधना व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता का संचार करती है और उसे कठिनाइयों से लड़ने की शक्ति प्रदान करती है।उन्होंने कहा कि देवी मां सच्चे, पवित्र और श्रद्धापूर्ण भाव से प्रसन्न होती हैं। इसलिए पूजा-अर्चना के दौरान मन, वचन और कर्म की शुद्धता बनाए रखना आवश्यक है। इस अवसर पर साथ पधारी कन्या देवी ने कहा कि देवी मां समस्त जगत का मंगल करने वाली और कल्याणकारी शिव की शक्ति हैं। वे अपने भक्तों के मनोरथ पूर्ण करने तथा शरण में आए श्रद्धालुओं की रक्षा करने वाली हैं। ऐसी दिव्य शक्ति स्वरूपा देवी, जो शास्त्र और शस्त्र धारण करती हैं, उन्हें प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक नमन करना चाहिए।

ब्रीफ न्यूज

अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर विद्युत कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

थिंक राजस्थान • फलौदी

जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ (भारतीय मजदूर संघ) के आह्वान पर 15 सितंबर को जोधपुर डिस्कॉम के सभी अधीक्षण अभियंता कार्यालयों पर प्रदर्शन कर प्रबंध निदेशक के नाम का ज्ञापन सौंपा जाएगा इसके लिए आज गायड़ सिंह अधीक्षण अभियंता फलोदी को श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष फिरोज खान व श्रमिक संघ के प्रदेशाध्यक्ष करन सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में पुनः स्मरण पत्र सौंपा गया सर्किलों में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं 11-सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में सहायक अभियंता के मार्फत प्रबंध निदेशक महोदय के नाम ज्ञापन सौंपे गए थे 15 अक्टूबर को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा ज्ञापन में प्रमुख रूप से इंटर-डिस्कॉम मानवीय स्थानांतरण नीति, शेष अनुकम्पा नियुक्त कर्मचारियों का एलडीसी में समायोजन, पदोन्नति एवं रिव्यू डीपीसी, वर्ष 1993–95 के ITI धारक मीटर लैब कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ, ACP 3/12/21/30 वर्ष का लाभ, RGHS एवं पुरानी पेंशन, आवश्यक तकनीकी पदों का सृजन, विद्युत उपचौकी सुरक्षा एवं सेफ्टी ट्रेनिंग, तथा एफआरटी, BI-CTS, RDSS/AMISP एवं ठेका कार्यों से संबंधित तकनीकी-आर्थिक अनियमितताओं की जांच जैसी मांगें प्रमुखता से रखी गईं। ज्ञापन कार्यक्रम में विनोद थानवी, विजय शर्मा, ओम प्रकाश विश्नोई, हरीश वर्मा, बुधाराम विश्नोई, श्रवण सिंगड, सोमन चांडक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने प्रबंधन से मांगों पर शीघ्र एवं समयबद्ध सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है।

सालासर पदयात्रियों के लिए शिविर, सभापति टाक ने किया शुभारंभ

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

बालगृह ने सालासर जाने वाले पदयात्रियों के लिए मुफ्त चिकित्सा और सेवा शिविर शुरू किया है। नगर परिषद सभापति अनीता टाक, गांधी विद्या मंदिर के कनकमल दूगड़, हिमांशु दूगड़ और डॉ. रविंद्र चौधरी ने शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान कनकमल दूगड़ ने कहा कि बच्चों में निस्वार्थ सेवाभाव जगाने के लिए यह पहल सराहनीय है। पदयात्रियों की सेवा से बच्चों में मानव सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत होगी। शिविर में पदयात्रियों को चिकित्सा सुविधा के साथ जरूरी मदद भी मिल रही है। संस्थान ने पदयात्रियों की सुविधा का खास ध्यान रखा है। कार्यक्रम में कपिल सैनी, हरफूल सारण, सीताराम समेत कई लोग मौजूद थे। आयोजकों के मुताबिक, शिविर में संस्थान से जुड़े कार्यकर्ता और बालगृह के बच्चे उत्साह से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

मतदान दिवस पर संबंधित क्षेत्रों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

थिंक राजस्थान • बीकानेर

राजस्थान सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के मद्देनजर मतदान दिवस पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। वित्त (मार्गोपाय) विभाग की 8 अक्टूबर को जारी अधिसूचना के अनुसार, जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए 22 और 28 अक्टूबर तथा 3 और 14 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, पंच एवं सरपंच पदों के लिए 24 और 30 अक्टूबर तथा 5 और 16 नवंबर को मतदान निर्धारित है। अधिसूचना के अनुसार, मतदान की तिथियों में परिवर्तन या पुनर्मतदान की स्थिति में संशोधित मतदान दिवस पर भी संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा, ताकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण की लोक सूचना आज होगी जारी

हेल्प डेस्क से पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए 26 जनों ने लिए 31 नाम निर्देशन पत्र

थिंक राजस्थान • पाली

पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत पाली पंचायत समिति क्षेत्र में द्वितीय चरण के मतदान को लेकर मंगलवार को लोक सूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही चुनावी प्रक्रिया में तेजी आएगी और नामांकन से जुड़ी गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। निर्वाचन विभाग की ओर से चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं प्रत्याशियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी गठित कर दी गई है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि लोक सूचना जारी होने से पूर्व सोमवार को निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सभी कार्मिकों को उनके संबंधित प्रकोष्ठों की जिम्मेदारियां सौंपते हुए चुनाव कार्य समयबद्ध एवं व्यवस्थित तरीके से संपादित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। पंचायत समिति सदस्य पद के चुनाव के लिए सोमवार को 26 व्यक्तियों को कुल 31 नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए।

यह रहेगा कार्यक्रम

ईआरओ राणावत ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य पद के लिए नाम निर्देशन पत्र मंगलवार से राजकीय अवकाशों को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इस दिन दोपहर 3 बजे तक नामांकन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थी 19 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा।

पंच-सरपंच चुनाव के लिए शुरू होगी प्रक्रिया

पंचायत समिति सदस्य पद के साथ ही ग्राम पंचायतों में पंच एवं सरपंच पदों के चुनाव की प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी। इन पदों के लिए मंगलवार को लोक सूचना जारी की जाएगी। पंच एवं सरपंच पद के प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। निर्वाचन विभाग की ओर से सभी संबंधित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हो सके।

चुनाव शाखा के कार्मिक तैयारियों में जुटे

पंचायती राज आम चुनाव को लेकर पाली में निर्वाचन संबंधी तैयारियां लगातार जारी हैं। चुनाव शाखा प्रभारी ललित कुमार दवे सहित सुरेश कुमार व्यास, रमेश अणकिया, अनिल नामा, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, युजवेन्द्र खेमलानी, जयपाल सिंह, ताराचंद सेजू, वीरेन्द्र कुमार एवं मोहित जोशी सहित अन्य कार्मिक चुनाव संबंधी दायित्वों के निर्वहन में जुटे हुए हैं। निर्वाचन अधिकारियों की निगरानी में नामांकन प्रक्रिया को सुचारु बनाने तथा प्रत्याशियों को आवश्यक जानकारी एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है।

8 माह से फरार खींचन हवेली चोरी प्रकरण का मास्टरमाइंड उमर फलोदी डीएसटी के हत्थे चढ़ा

खींचन हवेली से करोड़ों की सोना-चांदी चोरी की पूरी प्लानिंग की थी

थिंक राजस्थान • फलौदी

पुलिस अधीक्षक फलौदी आदित्य काकड़े ने बताया कि वांछित अपराधियों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला विशेष टीम फलोदी ने कार्यवाही करते हुऐ फलोदी थाना के नकबजनी के प्रकरण में पिछले दस महिने से फरार चल रहे आरोपी उमर पुत्र मुजिबर मुसलमान निवासी हिण्डालगोल पुलिस थाना फलोदी को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी उमर ने ही खीचन स्थित हवेली में चोरी करने की पूरी प्लानिंग की थी। पुलिस अधीक्षक फलौदी आदित्य काकड़े ने बताया कि 05 मार्च 2026 को परिवादी वैभव कुमार गुलेछा निवासी खीचन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि कल रात्रि में मेरी बड़ी मम्मी गुरूदेव मराज सा के वहां गई हुई थी। रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़कर करीब सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन तथा अन्य सामान चोरी कर ले गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

प्रकरण में पूर्व में वारदात का खुलासा कर आरोपी सवाईसिंह रावणा राजपूत निवासी नोख, रामस्वरुप माली निवासी नोख, एक बाल अपचारी, असकर निवासी मौखेरी हाल खीचन, कपिल माली निवासी नोख, घासीराम आचार्य निवासी डेह जिला नागौर हाल निवासी तुलसी कोलोनी कबीर नगर, थाना प्रतापनगर जिला जोधपुर कमिश्नरेट, बाबूलाल पुत्र अमराराम राव निवासी खीचन पुलिस थाना फलोदी को गिरफ्तार किया जाकर चोरी गया माल बरामद किया गया है। प्रकरण में हवैली चोरी की पूरी प्लानिंग करने वाला मुख्य आरोपी उमर लम्बे समय से फरार चल रहा था। 11 अक्टूम्बर 2026 को सूचना मिली कि आज उमर हिण्डालगोल में एक होटल के आगे बैठा है। जिस पर ब्रजराजसिंह चारण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फलोदी व अचलसिंह देवड़ा सीओ फलोदी के निकटतम सुपरविजन में प्रदीप एएसआई प्रभारी डीएसटी फलोदी मय टीम द्वारा आरोपी उमर को हिण्डालगोल स्थित एक होटल से दस्तयाब किया। आरोपी को पुलिस थाना फलोदी को सुपुर्द किया गया है। जिसे प्रकरण में गिरफ्तार कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। आरोपी उमर से सघन पूछताछ की जा रही है। जिससे और वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। उपरोक्त कार्यवाही में डीएसटी फलोदी से प्रदीप एएसआई प्रभारी डीएसटी, हैड कानि. महेन्द्र उज्वल, कानि. रामेश्वर (विशेष भूमिका), महेन्द्र चौधरी, गंगाराम कमाण्डो(विशेष भूमिका), प्रतापसिंह शामिल रहे। जिन्हें पुलिस अधीक्षक फलोदी द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

सरदारशहर में 501 फीट लंबी चुनड़ी यात्रा निकली

माता रानी के जयकारों से गूंजा शहर

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की ओर से 501 फीट लंबी चुनड़ी यात्रा निकाली गई। सोमवार सुबह बस डिपो के पीछे सत्यनारायण लावट के घर से यह यात्रा शुरू हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा मुख्य बाजार और शहर के कई रास्तों से होते हुए गिणाणी बास स्थित श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के माताजी मंदिर पहुंची। 501 फीट लंबी चुनड़ी इस यात्रा का खास आकर्षण रही। यात्रा के दौरान माता रानी के जयकारों से पूरा शहर भक्ति से भर गया।

जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। यह आयोजन समाज की आस्था और परंपरा का प्रतीक है।

गैंगस्टर संपत नेहरा कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश, अवैध हथियार मामले में हुई सुनवाई

थिंक राजस्थान • चूरू

रतननगर पुलिस सोमवार को गैंगस्टर संपत नेहरा को पंजाब की भटिंडा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर चूरू लेकर आई। उसे अवैध हथियारों से जुड़े मामले में एजीएम कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। क्यूआरटी और हथियारबंद जवान तैनात रहे। एडवोकेट सलीम खान के अनुसार, रतननगर पुलिस ने 24 सितंबर 2026 को अवैध शराब और हथियारों के खिलाफ अभियान चलाया था। नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप से देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और 235 पव्वे देशी शराब बरामद हुई थी।

पुलिस ने मौके से धोधलिया निवासी ओमप्रकाश गोदारा, दाऊदसर निवासी सुरेंद्र कुमार जाट और अजीतसर निवासी भैराराम जाट को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में हथियार संपत नेहरा के जरिए आने की बात सामने आने पर पुलिस उसे भटिंडा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

बालिका सैनिक स्कूलों के लिए अलग निदेशालय बनाने का विरोध, 11 सदस्यीय समिति गठित करने की मांग

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर। बालिका सैनिक स्कूलों के संचालन के लिए अलग निदेशालय गठित करने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए रीवा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जोशी ने मुख्यमंत्री सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने बालिका सैनिक स्कूलों की भर्ती, नियुक्ति एवं पदस्थापन संबंधी कार्य माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर के अधीन ही रखने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि अलग निदेशालय के गठन से दोहरे नियंत्रण की स्थिति उत्पन्न होगी और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय कमजोर होगा। इसके बजाय माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत विशेष प्रकोष्ठ गठित करने का सुझाव दिया गया है।

जोशी ने बालिका सैनिक स्कूलों के संचालन से संबंधित दिशा-निर्देशों की समीक्षा के लिए गठित चार सदस्यीय समिति को अपर्याप्त बताते हुए इसे भंग कर 11 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की है। इसमें सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर, एनसीसी के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद्, पूर्व सैनिक तथा माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करने का सुझाव दिया गया है। ज्ञापन में समिति के निर्णय से पहले आमजन, शिक्षा कर्मियों और अन्य हितधारकों से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सुझाव आमंत्रित करने की मांग भी की गई है, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और बालिका सैनिक स्कूलों के हित में निर्णय लिया जा सके।

महाराजा कॉलेज के स्थापना दिवस पर RBSE चेयरमैन राठौड़ ने युवाओं को वैचारिक आंदोलनों के प्रति सतर्क रहने की दी सलाह

थिंक राजस्थान • जयपुर

वर्ष 1844 में महाराजा स्कूल के रूप में शुरू हुए महाराजा कॉलेज में सोमवार को 182वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की ऐतिहासिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ पूर्व शिक्षकों के योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (RBSE) के अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ ने युवाओं को वैचारिक आंदोलनों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का आह्वान किया। संबोधन में राठौड़ ने सीजेपी और कांग्रेस की ओर से जंतर-मंतर पर किए गए विरोध प्रदर्शनों का उल्लेख करते हुए उनके पीछे सुनियोजित रणनीति होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संदेशों और मीम के जरिए युवाओं में आक्रोश पैदा कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की गई। उन्होंने संसद मार्च के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई और उसके बाद प्रदर्शनकारियों की ओर से खुद को पीड़ित के रूप में पेश किए जाने पर भी टिप्पणी की।



राठौड़ ने प्रदर्शनों में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों, पोस्टरों, प्रतीकों, नाच-गाने और स्लट वॉक जैसी गतिविधियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन गतिविधियों के जरिए युवाओं को आकर्षित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, राजस्थान में स्कूलों के निरीक्षण और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग जैसे मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि अलग-अलग विषयों के जरिए युवाओं का ध्यान बनाए रखने की कोशिश की गई।

ट्विनिंग ऑफ स्कूल: जाजीवाल कला के विद्यार्थियों ने किया पीएम श्री बालिका विद्यालय का भ्रमण

आईसीटी लैब, स्टेम साइंस लैब, डिजिटल लाइब्रेरी सहित विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं की दी जानकारी

थिंक राजस्थान • पीपाड़ सिटी

पीएम श्री योजना के अंतर्गत ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के तहत पीएम श्री सेठ भीकमचंद मुथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीपाड़ सिटी में पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, जाजीवाल कला के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, आधुनिक प्रयोगशालाओं और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकिशोर गहलोत ने बताया कि विद्यालय पहुंचने पर जाजीवाल कला से आए विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों का तिलक लगाकर तथा मौली बांधकर स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन करवाया गया।

भ्रमण के दौरान प्रधानाचार्य चेतना पुरी गोस्वामी, वरिष्ठ अध्यापक संतोष चौहान एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने आगंतुकों को आईसीटी लैब, ब्यूटी एंड वेलनेस लैब, संविधान हॉल, स्टेम साइंस लैब, गृह विज्ञान प्रयोगशाला, डिजिटल लाइब्रेरी, संगीत कक्ष, परीक्षा कक्ष, स्मार्ट क्लास रूम, बाल वाटिका कक्ष और किचन गार्डन सहित विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही पीएम श्री योजना के उद्देश्यों एवं इसके तहत संचालित शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में भी बताया गया।इस शैक्षणिक भ्रमण में पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, जाजीवाल कला के 35 विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य शामिल हुए। इनमें निंबाराम, लवीना गहलोत, सरोज चौधरी, दीपशिखा और वीरेंद्र कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों एवं विद्यार्थियों को अल्पाहार करवाया गया।इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के उपप्राचार्य धोकलराम सहित ओमाराम मेघवाल, भगाराम देवासी, जगदीश चंद्र, पारस, महेंद्र परिहार, भारती, बिमला बीजारनिया, रचना गोयल, राकेश, सुमन सेल, पप्पूराम, संगीता पंवार, भावना सारण, निरमा मुंडेल, ओम कंवर, ममता, गौरव निहालिया, संगीता गोयल, निरमा, अविनाश, सोनू भाटी, शांति, विमलेश एवं सीमा मीना सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

ब्रीफ न्यूज

मंत्रालयिक कर्मचारियों ने चार सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



थिंक राजस्थान • पाली

पाली। राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद (भारतीय मजदूर संघ) के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर मंत्रालयिक कर्मचारियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. बजरंग सिंह को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश परमार, प्रदेश प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जोशी एवं शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश बोहरा की अगुवाई में सौंपे ज्ञापन में मंत्रालयिक संवर्ग के लिए निदेशालय गठन, लंबित ग्रेड पे संशोधन, पदोन्नति के नए पद सृजित करने तथा समर्पित अवकाश एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के भुगतान संबंधी मांगें उठाई गईं।

जिला मंत्री निर्भय सिंह कुम्पावत ने बताया कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति नहीं होने से कर्मचारियों में रोष है। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश परमार ने चेतावनी दी कि मांगों पर समय रहते उचित निर्णय नहीं लिया गया तो मंत्रालयिक कर्मचारियों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। बलजीत सिंह सिसोदिया, मनीष कुमार जोशी (सोजत), प्रकाश कुमार सिद्धावत, योगेश कुमार त्रिवेदी, राहुल परमार, राजेश माथुर, देवेन्द्र रूणवाल (रोहट), गोविन्द प्रसाद, मुकेश कुमार मेवाड़ा, तराना वैष्णव, कुलदीप जोशी, सुल्तान खान, जगदीश कुमार, शादाब आलम, विशाल राजपुरोहित, संजय भटनागर, विनोद पुनड़, कृष्णकान्त हटेला, सोमेश चितारा, महिपाल पंवार एवं विकास पुरोहित सहित शिक्षा, पंचायती राज, चिकित्सा विभाग तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के कई कार्मिक मौजूद रहे।

दुर्लभ बीमारी के मरीजों की सुविधाओं पर हाईकोर्ट सख्त:केंद्र और राज्य सरकार से मांगा जवाब

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने दुर्लभ बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की जांच, उपचार और पुनर्वास की सुविधाओं पर केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने दोनों सरकारों को तीन सप्ताह में विस्तृत शपथपत्र पेश करने का समय दिया है। चीफ जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू की खंडपीठ

ने स्वावलंबन फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने पाया कि 21 नवंबर 2025 के आदेश के बावजूद बिंदुवार जवाब दाखिल नहीं किया गया है। याचिका में बताया गया कि राजस्थान में जीन टेस्टिंग (आनुवंशिक परीक्षण) की सुविधा कम है। मरीजों को निजी लैब पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे इलाज में देरी होती है। वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. सचिन आचार्य ने बताया कि एम्स जोधपुर ही एकमात्र सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है, जिससे दूर के मरीजों को परेशानी होती है। मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना में भी सीमित दुर्लभ बीमारियां शामिल हैं और वयस्क मरीजों के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से 1 अक्टूबर 2022 को तैयार एक्शन प्लान पर हुई प्रगति की जानकारी भी शपथपत्र में देने को कहा। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

चूरू: प्रबल कार्यक्रम का शुभारंभ, 8 ब्लॉकों के 16 विद्यार्थियों ने लिया भाग

थिंक राजस्थान • चूरू

पीएम श्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें जिले के आठ ब्लॉकों के 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने भाषण और सामूहिक चर्चा सहित विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सज्जन सिंह सैनी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सहशैक्षिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत ने कहा कि प्रतिभा निखारने के लिए अपनी क्षमता को पहचानना

जरूरी है। अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी सरिता आत्रेय ने विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में सहायक निदेशक शिवराज सिंह चारण, एपीसी सूर्यकांत शर्मा, प्रेमसिंह इन्दा, पीओ नंदलाल बौद्ध, तेजपाल सिंह, अशोक कुमार और मुकेश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य बबिता सैनी और उप प्राचार्य विजयपाल धुंवा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विनय सोनी ने आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं में रमेश पुनिया, संजू, गायत्री, राजेंद्र पुनिया, अब्बास खान, गौरीशंकर राव और अमित सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ढाणी देगां के ग्रामीणों ने पंचायत परिसीमन का किया विरोध, चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

ढाणी देगां के ग्रामीणों ने सोमवार को पंचायत परिसीमन के विरोध में उपखंड अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ढाणी देगां को फिर से ग्राम पंचायत रूपलीसर में शामिल करने की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, पहले ढाणी देगां रूपलीसर पंचायत में शामिल थी, जो गांव के नजदीक होने से पंचायत संबंधी कार्य करवाने में सुविधा रहती थी। नए परिसीमन में इसे देगां पंचायत में शामिल कर दिया गया है, जो गांव से करीब पांच किलोमीटर दूर है। इससे ग्रामीणों को समय और पैसे की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ेगी। ग्रामीण हरिराम ने बताया कि इस संबंध

में पहले भी ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, भंवरलाल ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो ग्रामीण आगामी पंचायतीराज चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे।

डव कंपनी के नाम से बनाए डुप्लीकेट शैंपू, डेढ़ लाख पाउच किए जब्त

जोधपुर। जोधपुर में नामी कंपनी के शैंपू के नाम पर नकली माल बेचा जा रहा है। इसका खुलासा सोमवार को बासनी क्षेत्र में हुई कार्रवाई के दौरान हुआ। पुलिस ने एक लोडिंग पिकअप से डव कंपनी के डुप्लीकेट शैंपू के करीब डेढ़ सौ पेटी बरामद की। इसमें करीब डेढ़ लाख पाउच बताए जा रहे हैं। हिंदुस्तान लीवर कंपनी के प्रतिनिधि ने इसे लेकर पुलिस की स्पेशल टीम और बासनी थाना पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद टीम ने बासनी थाना क्षेत्र में लोडिंग पिकअप से सामान बरामद किया, जिसे ट्रांसपोर्ट कंपनी के जरिए आगे दिल्ली भेजा जाना था। तलाशी के दौरान डव कंपनी के करीब 150 से अधिक पेटी में डेढ़ लाख से अधिक डुप्लीकेट पाउच पाए गए। असली और नकली पाउच में पैकिंग का अंतर भी नजर आया।

दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु संवाद कार्यक्रम आयोजित

निष्पक्ष-निर्भीक मतदान के लिए मतदाताओं को किया प्रेरित

थिंक राजस्थान • फलौदी

पंचायतीराज आम चुनावों में दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के सभी ब्लॉकों में जागृति व संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी मगराज ने बताया कि कार्यक्रम में मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही लोकतंत्र में मतदान के महत्व, मताधिकार के उपयोग तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान मतदाताओं को आगामी 22 एवं 24 अक्टूबर को मतदान दिवस पर मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित का संदेश दिया गया।

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष पर भड़के भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर

देश को शोर नहीं, सच चाहिए, आरोप नहीं, प्रमाण पेश करें, राजनीतिक बयान छोड़कर स्पष्ट जवाब दें

राहुल गांधी कहने के लिए तो नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन वे एक ऐसे नेता हैं जिन्हें न तथ्यों का पता है, न तर्क का पता है और न ही नियम-कानून का पता है। उन्हें सिर्फ अराजकता फैलाने, अस्थिरता पैदा करने, संवैधानिक पदों और संस्थाओं को नीचा दिखाना आता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट तक विपक्षी दलों के मार्च पर निशाना साधा। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राहुल गांधी कहने के लिए तो नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन ले ये एक ऐसे नेता हैं जिन्हें न तथ्यों का पता है, न तर्क का पता है और न ही नियम-कानून का पता है।

उन्हें सिर्फ अराजकता फैलाने, अस्थिरता पैदा करने, संवैधानिक पदों और संस्थाओं को नीचा दिखाने तथा दुनिया भर में भारत की छवि को कमजोर कैसे करना है, उन्हें सिर्फ यही करने आता है। यह देश का दुर्भाग्य है कि नेता प्रतिपक्ष के पद पर बैठे व्यक्ति का आचरण इतना अराजक, अस्थिर और अगंभीर नजर आता है। उनके लबों पर लब्ज है- वोट चोरी... दरअसल वो कर रहे हैं जनादेश के साथ सीनाजोरी। राहुल गांधी सिर्फ हवा-हवाई बातें करते हैं, क्योंकि वो हवा-हवाई नेता हैं। इनके राजनीति का पूरा पैटर्न ही हवा-हवाई है। ये बार-बार आरोप लगाते हैं और फिर कोर्ट में जाकर माफी मांगते हैं। ये इनका ट्रैक रिकॉर्ड है।

दुनियाभर में भारत की छवि को कमजोर कर रहे

कांग्रेस की नीति, राज नहीं तो अराजकता फैला दो

नई दिल्ली के बाराखंभा रोड पर विरोध प्रदर्शन के दौरान जुटा अपार जनसमूह

सड़कछाप भाषा का प्रयोग और निराधार आरोप लगा रहे

सांसद ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की अब हालत ये हो गई है कि वो सिर्फ सड़क छाप भाषा का प्रयोग और निराधार आरोप लगाने का काम कर रहे हैं। देश को शोर नहीं, सच चाहिए, आरोप नहीं, प्रमाण चाहिए, राजनीतिक बयान नहीं, स्पष्ट जवाब चाहिए। ये राष्ट्रपति के पास गए और जब सबूत मांगा गया तो भाग गए। सुप्रीम कोर्ट ने तो राहुल गांधी से साफ साफ कह दिया कि कोर्ट को आप राजनीति का रण-क्षेत्र नहीं बना सकते। राहुल गांधी को सिर्फ ये लगता है कि सड़क पर जाऊंगा और बार-बार झूठ बोलूंगा तो लोग सच मान लेंगे। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का फंडा है- राज नहीं तो अराजकता फैला दो।

ज्ञानेश का इस्तीफा मुख्य मांगः टीएमसी

इंडिया ब्लॉक में शामिल ममता बेनर्जी ने कहा कि सरकार इतनी डरी हुई है कि उसने आम लोगों के लिए ट्रेनें भी रोक दी हैं। आप समझ सकते हैं कि लोगों को कितनी परेशानी हुई होगी। ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा हमारी मुख्य मांग है।

सीईसी की नियुक्ति से जुड़ा कानून रद्द होः औवेसी

एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को रद्द करने की मांग की। नियुक्ति प्रक्रिया में पीएम और विपक्ष के नेता के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश को भी शामिल करना चाहिए। कानून में सीईसी और चुनाव आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद कानूनी सुरक्षा देने वाले इस कानून को रद्द करना चाहिए।

लोकतंत्र बचाना हमारी जिम्मेदारीः सपा

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आंदोलन और धरना-प्रदर्शन जारी रहेंगे। लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। भाजपा को हटाने पर ही देश बचेगा। भाजपा को हटाने पर ही लोकतंत्र बचेगा। भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करना चाहती है। वह हमेशा सत्ता में बने रहना चाहती है। वे फर्जी मतदाता सूचियां बनाते हैं, फर्जी वोट डलवाते हैं और चुनावी नतीजों में हेरफेर करते हैं। हम उपलब्ध सभी कानूनी और व्यावहारिक तरीकों को अपनाएंगे। सरकार को हमारी बात सुननी चाहिए और चुनाव आयोग को हटाना चाहिए।

भाजपा के लिए सब कुछ 'डेमोकुर्सी' का मामलाः कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाए जाने को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। पार्टी ने आरोप लगाया कि अब उनके लिए लोकतंत्र का कोई महत्व नहीं रह गया है और उनके लिए सब कुछ 'डेमोकुर्सी' यानी सत्ता की कुर्सी का मामला बनकर रह गया है। यह पीएम और गृह मंत्री की जोड़ी में व्याप्त 'अत्यधिक घबराहट' का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक जंतर-मंतर अब वह स्थान नहीं रहेगा, जहां लोकतंत्र को रोजाना मजबूती देने वाली खुराक मिलती थी।

मार्च से पहले सुरक्षाबल मुस्तैद

अप्रिय घटना को रोकने बाराखंभा रोड और मंडी हाउस के पास सुरक्षा कर्मियों की तैनाती

विरोध मार्च से पहले की बैठक

दिल्ली में विरोध मार्च से पहले इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने संविधान क्लब में एक बैठक की

विरोध प्रदर्शन मार्च में नेहा बोरा और योगेंद्र यादव भी शामिल हुए

खबर संक्षेप

स्कूल वैन की टक्कर से 3 चचेरे भाइयों की मौत

बदायूं। यूपी के बदायूं जिले में सोमवार को तेज रफ्तार स्कूल वैन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जबकि उनका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का हाल ही में अग्निवीर भर्ती के लिए चयन हुआ था। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा अपराह्न करीब ढाई बजे बिसौली कोतवाली क्षेत्र में हुआ।

पूर्व सीएम केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं और विधायकों के खिलाफ दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गुरुद्वारा बंगला साहिब परिसर में हंगामा किया गया और उसके बाद गुमराह करने वाले वीडियो पोस्ट कर फैलाए गए।

पूर्व सीएम विजयन के खिलाफ 2 एफआईआर

तिरुवनंतपुरम। केरल में कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) ने पूर्व सीएम पिनराई विजयन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज कीं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वीएसीबी की विशेष जांच इकाई-1 ने ये प्राथमिकी दर्ज की हैं।

ईडी की कोलकाता में 8 ठिकानों पर छापेमारी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार सुबह कोलकाता में आठ ठिकानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज और शरत बोस रोड के आसपास स्थित कई परिसरों में तलाशी ली गई। केंद्रीय एजेंसी ने संदिग्ध वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर यह रेड की।

8वें वेतन आयोग की दशहरे के बाद तुरंत होगी बड़ी बैठक

49 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को मिलेगा फायदा

8वां केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) अभी सलाह-मशविरे के दौर में है। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाला यह आयोग फिलहाल विभिन्न कर्मचारी यूनियनों, प्रतिनिधियों, समूहों, पेंशनभोगी संघों, फेडरेशनों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठकें कर रहा है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आठवें वेतन आयोग के पास रिपोर्ट तैयार कर उसे सौंपने के लिए अब बस कुछ ही महीने बचे हैं। 3 नवंबर 2025 इसकी समय-सीमा शुरू हुई थी। फिलहाल बैठकों का दौर जारी है। 8वां केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) अभी सलाह-मशविरे के दौर में है। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाला यह आयोग फिलहाल विभिन्न कर्मचारी यूनियनों, प्रतिनिधियों, समूहों, पेंशनभोगी संघों, फेडरेशनों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठकें कर रहा है। इससे पहले आयोग कई राज्यों का दौरा कर चुका है।

अभी हाल ही में बेंगलुरु में भी बैठक हुई थी। अब दशहरे के तुरंत बाद एक और बड़ी बैठक होने वाली है, जिसमें कई बड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। समय के साथ बढ़ती महंगाई और बदलती अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार हर 10 साल में अपने कर्मचारियों के भत्ते, वेतन और पेंशन में बदलाव के लिए वेतन आयोग या सीपीसी का गठन करती है। हालांकि, सरकार हर 6 महीने में महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाती है, लेकिन एक समय बाद सिर्फ डीए बढ़ाने भर से काम नहीं चलता। सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए बेसिक सैलरी में भी बदलाव की जरूरत पड़ती है।

आयोग के पास रिपोर्ट सौंपने के लिए मई, 2027 तक का समय

आठवें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू माना जा रहा

रिपोर्ट को केंद्रीय वित्त मंत्रालय और मंत्रियों का विशेष समूह

8वें वेतन आयोग की बैठक (फाइल फोटो), आयोग की अध्यक्ष रंजना देसाई

कैबिनेट से मिलेगी हरी झंडी

कैबिनेट से हरी झंडी मिलने पर सरकार आधिकारिक गजट नोटिफिकेशन जारी करती है। फिर जाकर विभाग नई सैलरी का कैलकुलेशन शुरू करते हैं। इस पूरे प्रॉसेस में 3-6 महीने का वक्त और लग सकता है।

आयोग 1 जनवरी से लागू माना जा रहा

भले ही आठवें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से ही लागू माना जा रहा है, लेकिन आयोग द्वारा रिपोर्ट तैयार कर इसे सरकार को सौंपना बाकी है। इसके बाद इसे सरकारी मंजूरी मिलने के बाद ही बढ़ा हुआ पैसा कर्मचारियों के बैंक अकाउंट में आएगा। चूंकि आयोग के गठन के बाद इसे अपनी रिपोर्ट तैयार करनेके लिए मई, 2027 तक का समय दिया गया था। माना जा रहा है कि अगले साल के आखिर तक यह पूरी तरह से लागू होगा। रिपोर्ट सौंपने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्रालय और मंत्रियों का एक विशेष समूह इन सिफारिशों का बारीकी से अध्ययन करेगा। इसमें यह देखा जाएगा कि वेतन और पेंशन में प्रस्तावित बढ़ोतरी से देश के खजाने पर कितना बोझ पड़ेगा और किन-किन बदलावों को मंजूरी दी जा सकती है और किन्हें नहीं। समीक्षा पूरी होने के बाद इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजा जाता है।

22-23 अक्टूबर को मुंबई में होगी बैठक

8वां वेतन आयोग 22-23 अक्टूबर (गुरुवार-शुक्रवार) को मुंबई का दौरा करेगा। इससे पहले दिल्ली में 8वें वेतन आयोग की मीटिंग 7 और 10 अगस्त को हुई थी। जयपुर में 31 अगस्त और 1 सितंबर को मीटिंग हुई। उसके बाद चेन्नई में 7-8 सितंबर को, पुडुचेरी में 9 सितंबर को और चंडीगढ़ में 16 से 18 सितंबर तक मीटिंग हुई। हाल ही में बेंगलुरु में 7 और 8 अक्टूबर को मीटिंग हुई।

8वें वेतनमान देने वाला पहला राज्य बना असमः बिस्वा

केंद्र सरकार ने नवंबर 2025 को 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी थी। जिसके बाद एक समिति गठित हुई है और वो अब तमाम राज्यों में बैठक कर कर्मचारियों की मांगों का जायजा ले रही है। इसी बीच असम के सीएम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर 11 अक्तूबर को गुवाहाटी में हुए एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो शेयर किया है, इस वीडियो के साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा कि असम देश का पहला राज्य बन जाएगा जो 8वां राज्य वेतन आयोग गठित करेगा।

पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट से राहत

एफआईआर होगी दर्ज, लेकिन दंडात्मक कार्रवाई पर लगी रोक

सीबीआई सरकार के अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्देश दिया कि सीबीआई पंजाब सरकार से जुड़े लोगों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई न करे। सीबीआई राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। यह आदेश पंजाब सरकार की उस याचिका पर आया है जिसमें हाई कोर्ट के उस निर्देश पर रोक लगाने की मांग की गई थी, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार से जुड़े लोगों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने और दो महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था। जस्टिस एमएम सुंदेश और पीबी वराले की बेंच ने केंद्र, सीबीआई, ईडी और अन्य को नोटिस जारी किया। बेंच ने कहा कि हम एफआईआर पर रोक नहीं लगा

आरोपों की स्वतंत्र जांच होः याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को सूचना भेजे जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह तर्क दिया गया कि इन आरोपों की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए क्योंकि इनसे राज्य सरकार के कामकाज पर गंभीर सवाल उठते हैं। हाई कोर्ट ने पंजाब पुलिस और सरकार को यह भी निर्देश दिया कि इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए जाएं।

हाई कोर्ट के फैसले को कई आधारों पर चुनौती देते हुए पंजाब सरकार ने कहा कि फैसले में कई कमियां हैं। सरकार का कहना है कि कोर्ट ने 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डिंग एक्ट' (पीएमएलए) की धारा 66(2) के तहत दी गई जानकारी को एक ऐसे निर्देश के तौर पर लिया जिससे केस दर्ज करना अनिवार्य हो जाता है, जो कि विजय मदनलाल चौधरी मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2022 के फैसले के खिलाफ है।

धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएंगेः सुको

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए प्रतिबंध लगाने के बजाय जन जागरूकता और स्वैच्छिक भागीदारी का अधिक असर होगा। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि प्रतिबंधात्मक आदेशों को लागू करना जमीनी स्तर पर मुश्किल हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुडे स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि न्यायालय धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएगा। पीठ ने पटाखों के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई।

भर्ती प्रक्रिया में नहीं होगा कोई दखल

11,000 पुलिसकर्मियों को पहले चरण में सुवेंदु ने नियुक्ति पत्र सौंपे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने भाजपा सरकार के तहत पुलिस में भर्ती अभियान के पहले बड़े चरण में 11 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के कारण यह संभव हो सका। सीएम ने दावा किया कि अगले दो साल में पश्चिम बंगाल पुलिसकर्मियों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश से आगे निकल जाएगा। सुवेंदु ने यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि अगर सरकार नहीं

बदली होती, तो यह भर्ती नहीं हो पाती। राज्य पुलिस बल में भर्ती प्रक्रिया लंबे समय से रुकी हुई थी। मई में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद सरकार ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी दी। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय भ्रष्टाचार से दूर रहने और ईमानदारी बनाए रखने का आग्रह किया।

नशा-मुक्त भारत बनाने के सामूहिक संकल्प को सशक्त किया

1,469 जगहों पर नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेले आयोजित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेरा युवा भारत ने 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत अभियान' के तहत साझेदार संगठनों के सहयोग से 10 अक्टूबर, 2026 को नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेलों का आयोजन किया।

यह आयोजन 100 सप्ताह के अभियान का हिस्सा था, जिसमें देशभर के 34 राज्यों की 1,469 जगहें शामिल रहीं। इस व्यापक पहल में 3.65 लाख से अधिक युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया, जिससे नशा-मुक्त भारत बनाने के सामूहिक संकल्प को और अधिक सशक्त किया गया।

खास बातें

- नशामुक्त युवा, विकसित भारत अभियान की पहल
- 3.65 लाख युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया

कई आध्यात्मिक संगठन भी हुए शामिल

नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

हार्टफुलनेस, प्रोजेक्ट पॉइंट, सीआईपीयू, एसोचैम, फिक्की और ब्रह्माकुमारीज जैसे आध्यात्मिक संगठनों, विश्वविद्यालय संघों और उद्योग संघों के सहयोग से युवा मेलों का आयोजन किया गया। इस पहल ने अभियान की पहुंच और प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने में मदद की। कार्यक्रमों में युवाओं द्वारा संचालित कई गतिविधियां शामिल थीं, जिनमें नशा मुक्त युवा शपथ, नारा लेखन प्रतियोगिताएं, हस्ताक्षर अभियान, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए।

100 सप्ताह चला अभियान

100 सप्ताह के इस अभियान का उद्देश्य मादक द्रव्यों के दुरुपयोग से निपटने के लिए देशभर में सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेलों के माध्यम से 'मेरा युवा भारत' लगातार युवाओं को समाज में बदलाव लाने की जिम्मेदारी उठा रहा है।

नशा नहीं करने के लिए किया जागरूक

इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर युवाओं की भागीदारी को मजबूत करना, मादक पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना था। ब्लॉक स्तर पर आयोजित नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट में मादक पदार्थों के दुरुपयोग से जुड़ी चुनौतियों, जागरूकता को कार्रवाई में बदलने की रणनीतियों और बदलाव की प्रेरक कहानियों पर चर्चा की गई।

सूर्या का मोशन पोस्टर जारी आक्रामक अंदाज में दिखे सनी

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सनी देओल अपनी अपकमिंग फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' में एक नए अवतार से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने सोमवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करके इसकी आधिकारिक घोषणा की। फर्स्ट लुक पोस्टर में वह काफी गंभीर और आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि सनी देओल उम्रदराज लग रहे हैं। उनकी दाढ़ी आधी पकी है और आधी काली है। वह सिगरेट पी रहे हैं और उनका लुक आक्रामक है। उन्होंने टी-शर्ट पहनी है। पोस्टर शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा 'अतीत और वर्तमान के बीच उलझा हुआ, वह सच का पता लगाता है! पेश है 'सूर्याः अंत से आरंभ तक'!

लाइफ Style

श्रेया

सीरीज 'सहर होने को है' से कमबैक

पर्दे पर किरदार निभाने वाले कलाकारों को कई बार ऐसे चैलेंज मिलते हैं जो सालों इंडस्ट्री में काम करने के बावजूद अलग और चुनौतीपूर्ण लगते हैं। खासकर अगर वह किरदार ग्रे या नेगेटिव हो तो। कुछ ऐसा ही है गुजराती सिनेमा में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रेया दवे का हाल।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'बरसातें: मौसम प्यार का' के बाद दो साल तक वर्टिकल ड्रामा और गुजराती सिनेमा में काम करने के बाद, श्रेया दवे छोटे पर्दे पर लौट आई हैं। अभी वह 'सहर होने को है' में पार्थ समथान के किरदार की सौतेली बहन जीनत का रोल निभा रही हैं। एक्ट्रेस इस बात को लेकर एक्साइटेड हैं कि उनका किरदार कहानी में क्या-क्या मोड़ लाएगा। श्रेया कहती हैं, 'एक एक्टर के तौर पर जीनत का किरदार मेरे लिए इसलिए खास और रोमांचक है क्योंकि वह कहानी में कुछ बहुत ही बदलता है। उसका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा होगा, जिससे मुझे अलग-अलग शेड्स और कई तरह की भावनाएं दिखाने का मौका मिलेगा। श्रेया ने कहा, 'मेरे लिए यही बात इस रोल को इतना खास बनाती है। जीनत मुझे एक एक्टर के तौर पर बिल्कुल अलग दायरे में ले जा रही है, जिससे मुझे ऐसी भावनाएं दिखाने का मौका मिल रहा है जो मैंने पहले कभी नहीं दिखाईं। यह नया, चैलेंजिंग और बेहद रोमांचक है और मुझे इस किरदार को समझने में बहुत मजा आ रहा है। मैं उसे पॉजिटिव या नेगेटिव का लेबल लगाकर किसी एक दायरे में नहीं बांधना चाहती। इसलिए, मैं यही कहूंगी कि जीनत को इतनी जल्दी जज न करें'।

हॉलीवुड मसाला

गॉडजिला माइनस... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। गॉडजिला माइनस जीरो के लेटेस्ट ट्रेलर से कनफर्म होता है कि पिछली फिल्म में गॉडजिला पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था। इसमें नए 'काइजू' (मॉन्स्टर) को खत्म करने के ऑपरेशन की झलक भी मिलती है और नए व पुराने किरदारों से इंट्रोड्यूस कराया जाता है। ट्रेलर की रिपोर्ट के मुताबिक टोहो ने कन्फर्म किया है कि फिल्म में किंग गिडोरा दूसरा मॉन्स्टर होगा। फेस्टिवल प्रीमियर की कवरेज में गॉडजिला और गिडोरा के बीच कई भयानक और खूनी लड़ाइयों का जिक्र है, जो जमीन और आसमान में और भी तेज हो जाती हैं।

पूर्व पत्नी की शादी में 'स्पाइडर मैन' अभिनेता बने पादरी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर जेनिफर मेयर और बिजनेसमैन ज्योफ ओगुन्सलेसी की शादी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस शादी में सबसे खास बात यह रही कि जेनिफर के एक्स-हसबैंड और 'स्पाइडर-मैन' अभिनेता टोबी मैग्वायर ने ही शादी की रस्में कराईं। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिफर मेयर और उनके मंगेतर ज्योफ ओगुन्सलेसी ने पिछले वीकेंड हवाई के फोर सीजन्स रिजॉर्ट लानाई में आउटडोर सेरेमनी में शादी की। खास बात यह है कि यह शादी जेनिफर और टोबी के तलाक के कुछ ही हफ्तों बाद में ही हो गई। 49 साल की जेनिफर ने शादी में स्ट्रैपलेस गाउन पहना था। वहीं, ज्योफ ब्लैक सूट और बो टाई पहने हुए नजर आए। शादी की तस्वीरों में टोबी मैग्वायर फॉर्मल कपड़ों में पादरी बनकर सेरेमनी कराते दिखाई दिए। इस दौरान न्यूली वेड कपल ने फूलों से सजे मंडप के नीचे एक-दूसरे को किस भी किया।

नखरेवाली में दिखेगी रोमांटिक कॉमेडी

मुंबई। 'तेरे इश्क में' और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक आनंद एल राय की नई फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। खास बात यह है कि इस बार फिल्म को राहुल शंकल्या ने डायरेक्ट किया है। वहीं, जियो स्टूडियोज, आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। जबकि इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'नखरेवाली' 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म प्यार, रिश्तों और महिला-पुरुष की भूमिकाओं को एक नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। फिल्म के पोस्टर पर एक टैगलाइन लिखी है, 'कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है', जो रिश्तों के पारंपरिक तौर-तरीकों में एक मजेदार बदलाव की तरफ इशारा करती है।

अर्जुन नागा की शूटिंग में व्यस्त रामपाल

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी फिल्म 'अर्जुन नागा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर ने फिल्म की बीटीएस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसके साथ निर्देशक अनिल शर्मा ने भी इस भी फिल्म से जुड़ा पोस्ट साझा किया। अर्जुन रामपाल ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' के सेट से एक तस्वीर साझा की। इतना ही नहीं उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'पहले दिन की शूटिंग शुरू हो रही है, अनिल शर्मा के निर्देशन में। अर्जुन नागा के लिए हमें अपना आशीर्वाद दें। हम दोनों में उत्कर्ष शर्मा भी हैं। यह एक शानदार सफर होने वाला है।' फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने भी फिल्म 'अर्जुन नागा' के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग का एक वीडियो पोस्ट किया।

टीवी मसाला

छह साल बाद अभिनय की दुनिया में लौटने को तैयार

नई दिल्ली। अभिनेत्री बिपाशा बसु लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर एक्टिंग का जादू बिखेरती नजर आएंगी। उनके हाथ एक वेब सीरीज लगी है। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। बिपाशा बसु बिटिया देवी के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर हैं। मगर, उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अभिनेत्री करीब छह साल बाद अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। वे हंसल मेहता की वेब सीरीज से जुड़ी हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। बिपाशा बसु मशहूर फिल्ममेकर हंसल मेहता की नई सीरीज में एक अहम रोल में नजर आएंगी। अभी तक इस शो के बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल, बस इतना पता चला है कि सनी कौशल और विशाल जेठवा भी इस शो में बिपाशा के साथ नजर आएंगे। सीरीज का नाम अभी तय नहीं है। हंसल मेहता की इस अनटाइटल्ड सीरीज को कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। इसे 'ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले प्रमलीन संधू ने प्रोड्यूस किया है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। यह शो प्राइम वीडियो पर आएगा। इसकी कहानी एक छोटे से, गुमनाम शहर की है, जो महाद्वीप की हेरोइन राजधानी बनने की कगार पर है। इसमें सनी कौशल एक ईमानदार पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी ईमानदारी और इंसानियत को बचाने की कोशिश करते हुए सिस्टम के अंदर और बाहर की ताकतवर ताकतों से लड़ते हैं'। इस सीरीज के जरिए बिपाशा बसु अपनी बेटी देवी के जन्म के बाद लंबे ब्रेक के बाद एक्टिंग में वापसी कर रही हैं।

दो दिन में बिग बॉस से बाहर हुए नकुल

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' में हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नकुल ढुल की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। मगर उनका सफर घर में एक हफ्ते भी नहीं चल सका। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें दो ही दिन में बेघर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के अनुसार उन्होंने बिग बॉस का एक सख्त नियम तोड़ा है। नकुल ढुल 'बिग बॉस 20' को घर से बेघर कर दिया गया है। एक्स हैंडल 'बिग बॉस तक' के मुताबिक नकुल के घर में दाखिल होने के दूसरे दिन ही उनका एक्विक्शन हो चुका है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नकुल जिन्हें 'मिट्ठू डॉन' के नाम से भी जाना जाता है उनका झगड़ा घर के पुराने प्रतिभागी गुल्लू से हो गया। इसके बाद दोनों में जमकर हाथापाई हो गई। बिग बॉस के मुख्य नियम को तोड़ने के लिए कथित तौर पर नकुल ढुल को बाहर कर दिया गया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि नकुल और काजी तौकीर आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान काजी, स्काउट का मजाक उड़ाने लगे। यह बात नकुल को पसंद नहीं आई। इसके बाद नकुल और स्काउट की काजी से बहस हो गई। वहां मौजूद गुल्लू ने इस मामले को शांत कराने की कोशिश की तो नकुल नाराज हो गए।

देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर 'मचान बाबा' का पोस्टर रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और संतों के जीवन से जुड़ी कहानियां इन दिनों सिनेमा में नई जगह बना रही हैं। नीब करौरी बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब देश के सबसे रहस्यमयी संतों में गिने जाने वाले देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर आने जा रही है। फिल्म का नाम 'मचान बाबा' है। मेकर्स ने इसका टाइटल पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म फिलहाल रिसर्च और प्री-प्रोडक्शन के दौर में है और इसे 2027 में रिलीज करने की तैयारी है। देवराहा बाबा की पहचान उनके मचान से जुड़ी थी। वह नदी किनारे जमीन से कई फीट ऊपर बने मचान पर रहते और वहीं से श्रद्धालुओं से मिलते थे। लेकिन उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा रहस्य उनकी उम्र को लेकर रहा। बाबा कितने वर्ष जीवित रहे, इसे लेकर अलग-अलग दावे और जनश्रुतियां मौजूद हैं। लेखक अभिजीत सेन ने भी अपनी पुस्तक में देवराहा बाबा की असाधारण दीर्घायु से जुड़े विभिन्न विवरणों और स्मृतियों की पड़ताल की है। कुछ कथाओं में उनकी आयु 500 वर्ष से भी अधिक होने तक के दावे किए गए हैं, हालांकि इसका कोई सर्वमान्य ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। देवराहा बाबा के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि उनके साथ अलग-अलग दौर की कई बड़ी राजनीतिक हस्तियों के प्रसंग जुड़े हैं। ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम की 1911 में बाबा से मुलाकात का दावा पुराने विवरणों में मिलता है। 2009 में संसद में हुई चर्चा के दौरान भी इस प्रसंग का उल्लेख किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देवराहा बाबा से मुलाकात और उनके आशीर्वाद से जुड़ी कहानी भी काफी चर्चित रही है। इसी तरह 1989 में राम मंदिर शिलान्यास से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बाबा से हुई मुलाकात का उल्लेख विभिन्न संस्मरणों में मिलता है।

'गणेशः डस्ट टू स्टारडस्ट' में दिखेगी कोरियोग्राफर की जिंदगी की कहानी

नई दिल्ली। कोरियोग्राफर-फिल्ममेकर गणेश आचार्य ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का ट्रेलर जारी किया। यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा है जो एक साधारण शुरुआत से लेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कोरियोग्राफर बनने तक के उनके सफर को दिखाता है। आचार्य द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म, सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के उनके सपने को पूरा करने के दौरान किए गए संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प की कहानी है। यह फिल्म इंडस्ट्री में उनके आगे बढ़ने के सफर को दिखाती है और उन चुनौतियों को भी उजागर करती है जिनका उन्होंने रास्ते में सामना किया। गणेश आचार्य की जिंदगी पर बनी फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार और इमोशनल है। अक्षय कुमार और अजय देवगन ने भी इस ट्रेलर को अपने-अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ट्रेलर में उनके संघर्ष, मेहनत और सफलता की कहानी को दिखाया गया है। जिसमें कम उम्र में उनके पिता का निधन, आर्थिक तंगी, कम उम्र में कमाई और फिर 12 साल की उम्र में डांस की फील्ड में करियर बनाने की जिद दिखाई गई है। दर्शकों को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। ट्रेलर कोरियोग्राफर के पर्सनल और प्रोफेशनल सफर की एक झलक दिखाता है, जिसमें डांस और भावुक पल कहानी का अहम हिस्सा हैं। शिवांशु सोनी, आलोक शॉ, सुकन्या कलान और साक्षी पावस्कर अभिनीत यह फिल्म 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आचार्य ने एक बयान में कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, लेकिन सिर्फ सपने देखने से वे सच नहीं होते। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है और आगे बढ़ते रहना पड़ता है, चाहे सफर कितना भी मुश्किल क्यों न हो। 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के जरिए हमने इसी भावना को जीवंत करने की कोशिश की है'।



मनोरंजन के शौकीनों के लिए खास रहेगा यह सप्ताह

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नए सप्ताह के साथ नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार भी शुरू हो जाता है। थिएटर्स में यामी गौतम की नई नवेली और राजकुमार राव की प्रहार आएंगी। वहीं, ओटीटी पर भी मनोरंजन की अच्छी डोज मिलने वाली है।

द ट्रैप : यह जर्मन साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। छह एपिसोड की लिमिटेड सीरीज 13 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज लेखिका मेलानी राबे के बेस्टसेलिंग उपन्यास पर आधारित है। लेखिका अपनी बहन की हत्या के बाद पिछले 10 वर्षों से घर से बाहर नहीं निकली है। एक दिन उसे टीवी पर एक ऐसा शख्स दिखाई देता है, जिसे देखकर उसे लगता है कि वही उसकी बहन का हत्यारा है। वह सच्चाई सामने लाने के लिए एक जोखिम भरी योजना बनाती है।

कॉफी विद करण सीजन 9 : निर्माता-निर्देशक का चर्चित शो 'कॉफी विद करण' का नौवां सीजन इस वीक रिलीज होगा। यह सीजन आखिरी भी है। यह सेलिब्रिटी टॉक शो है। इसमें करण जौहर इंडस्ट्री के सितारों के साथ दिलचस्प बातें करते हैं और कई अनसुने किस्से बाहर आते हैं। 14 अक्टूबर से 'कॉफी विद करण सीजन 9' को दर्शक जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे।



इंडियन आइडियल लीजेंड्स रिटर्न

चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो के पिछले सीजन के मशहूर सिंगर्स इसमें नजर आएंगे जो सिंगिंग मुकाबले में हिस्सा लेंगे। इस शो के जज होंगे हिमेश रेशमिया। वहीं, अभिजीत सावंत, सलमान अली समेत कई पूर्व प्रतियोगी इस शो में नजर आएंगे। इसका प्रीमियर एपिसोड 17 अक्टूबर को आएगा। वहीं, हर शनिवार और रविवार को रात आठ बजे यह शो प्रसारित होगा। इसे सोनी पर देख सकेंगे।

विजन क्वेस्ट : यह मार्वल की सुपरहीरो एक्शन सीरीज है। दर्शक इसे 14 अक्तूबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। हालांकि, स्पष्ट कर दें कि 14 अक्टूबर को इसका पहला और दूसरा एपिसोड स्ट्रीम होगा। यह सीरीज हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध होगी।

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। इसे 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

लव इन डिस्गाइज : अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

17 साल की माया ने तोड़ा सानिया का 22 साल पुराना रिकॉर्ड

माया ने जीता अपना पहला पेशेवर खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की उभरती हुई युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पुर्तगाल में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला पेशेवर खिताब जीता।

क्वालीफायर के रूप में टूर्नामेंट में भाग लेने वाली माया ने खेले गए फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विनो रुइज को 6-4, 6-2 से हराया। इस जीत से यह 17 वर्षीय खिलाड़ी सानिया मिर्जा के बाद पेशेवर एकल खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। माया ने यूक्रेन की येलीज़ावेटा कोट्लियार के साथ मिलकर युगल खिताब भी जीता। उन्होंने एकल में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने पहले दौर में ही शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट को पराजित करके अपने इरादे जतला दिए थे।

यह तो बस शुरुआत है : माया

माया ने टूर्नामेंट जीतने के बाद कहा, 'यह तो बस शुरुआत है। यह मेरा पहला खिताब है। यह मेरे पेशेवर करियर की शुरुआत के लिए अच्छा संकेत है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला है कि मैं अच्छी तरह से चुनौती पेश कर सकती हूं।'

आठ वर्ष की आयु से खेलना किया था शुरू

12 जून 2009 को तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्मीं माया राजेश्वरन रेवती का टेनिस का सफर आठ साल की उम्र में शुरू हुआ था। उनके पिता ने उन्हें पहली बार इस खेल से परिचित कराया। उनका मकसद उनमें अनुशासन और फिटनेस की आदत डालना था। हालांकि जल्द ही माया की इस खेल में गहरी दिलचस्पी हो गई और 10 साल की उम्र तक उन्होंने टेनिस को गंभीरता से अपनाने का फैसला कर लिया। उन्होंने भारत में 'प्रो सर्व टेनिस अकादमी' में ट्रेनिंग ली और 2025 मुंबई ओपन में सबका ध्यान खींचने से पहले कई आईटीएफ जूनियर खिताब जीते। 15 साल की उम्र में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर खेलते हुए उन्होंने डब्ल्यूटीए 125 इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर जाने-माने खिलाड़ियों को चौंका दिया।

वुहान ओपन नहीं खेलेंगीं झेंग और मीरा

बीजिंग। चाइना ओपन फाइनल खेलने के बाद झेंग किनवेन और मीरा आंद्रीवा वुहान ओपन से हट गई हैं। झेंग ने दाहिने कंधे की चोट का हवाला दिया है, जबकि आंद्रीवा ने शेड्यूल में बदलाव के कारण हटने का फैसला किया है। टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए झेंग ने कहा कि लगातार मैचों के बोझ के कारण वह शारीरिक रूप से थक गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, झेंग ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत अफसोस हो रहा है कि मैं इस साल के वुहान ओपन से हट रही हूं। वुहान वह जगह है जहां से मेरे टेनिस के सपने की शुरुआत हुई थी, और वुहान ओपन ही वह टूर्नामेंट है जिससे मैंने डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर अपनी पहचान बनाई थी। मैं हमेशा अपने घरेलू फैंस के सामने खेलने का इंतजार करती रही हूं।

मुंबई इंडियन्स में शामिल हुईं अमेरिकी तेज गेंदबाज नॉरिस

नई दिल्ली। अमेरिका की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस अगले साल होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियन्स की ओर से खेलेंगी। उन्हें यूपी वारियर्स के साथ सफल 'ट्रेड' सौदे के बाद मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। नॉरिस को वारियर्स ने 2026 सत्र से पहले 10 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि यह 28 वर्षीय तेज गेंदबाज इसी राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'नॉरिस 10 लाख रुपए की मौजूदा राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी।' नॉरिस ने डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी से जुड़ने वाली एसोसिएट देश की पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने पहले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया था और डब्ल्यूपीएल में पांच विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बनी थीं। नॉरिस ने अमेरिका की ओर से अब तक पांच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 17 महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उन्होंने 2021 में अमेरिकी टीम के लिए पदार्पण किया था।

रणजी ट्रॉफी : ऑलराउंडर रवींद्र ने ठोका 16वां फर्स्ट क्लास शतक

जडेजा की छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की धमाकेदार पारी

पहली पारी में सौराष्ट्र ने बनाए 392 रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में शतक बनाया। सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा का यह 16वां फर्स्ट क्लास शतक रहा। 209 गेंद का सामना किया और 7 चौके लगाए। वे सौराष्ट्र के आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए। इससे उनकी टीम ने पहली पारी में 392 रन का स्कोर बनाया।

जडेजा पांचवें नंबर पर बैटिंग को उतरे थे। उनके व प्रेरक मांकड़ (129) के बीच पांचवें विकेट के लिए 205 रन की पार्टनरशिप हुई। मगर इस साझेदारी के टूटने के साथ ही सौराष्ट्र की पारी ढह गई। उसने आखिरी पांच विकेट 36 रन में गंवा दिए। यह तो एक छोर पर जडेजा थे, जिससे टीम 392 तक पहुंचने में सफल रही नहीं तो 380 से पहले ही पारी सिमट जाती।

रवींद्र का 8 साल बाद सौराष्ट्र के लिए शतक

जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नौवां शतक बनाया। उनके छह शतक भारत और एक वेस्ट जोन के लिए आया है। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए बनाए 9 में से 3 शतकों को ट्रिपल सेंचुरी तक पहुंचाया है। जडेजा ने इससे पहले 2018-19 में आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में शतक बनाया था। तब उन्होंने नाबाद 178 रन की पारी खेली थी। 2018-19 से लेकर 2026-27 के सीजन के बीच जडेजा ने बहुत कम मैच सौराष्ट्र के लिए खेले थे। पिछले सीजन दो मैचों उतरे थे। दरअसल भारतीय टीम के तीनों फॉर्मेट का हिस्सा होने की वजह से वह घरेलू क्रिकेट नहीं खेल पाए थे।

साई फेल, सुंदर ने झटके 2 विकेट

रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में सोमवार को साई सुदर्शन का बल्ला नहीं चला। वह तमिलनाडु के लिए ओपनिंग करने उतरे और 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चेतन शर्मा ने उन्हें बोल्ड किया। इससे पहले उन्हें फील्डिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी। साई लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर गए थे। हालांकि, उनकी चोट गंभीर नहीं थी और वह ओपनिंग करने उतरे। तमिलनाडु ने राजस्थान को पहली पारी में 363 रन पर आउट कर दिया। भारतीय टेस्ट टीम के एक अन्य खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट झटके। उन्होंने 23 ओवर में 58 रन देकर 2 विकेट लिए। वाशिंगटन ने कार्तिक शर्मा और चेतन शर्मा को आउट किया।

रिंकू सिंह-माधव कौशिक के शतक

रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए के पहले मैच में यूपी ने बिहार के खिलाफ बेहतरीन आगाज किया है। उत्तरप्रदेश की टीम ने बिहार के खिलाफ मैच की पहली पारी में 540 रन बनाए। ओपनर माधव कौशिक ने 150 रन की पारी खेली। वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 112 रन की बेहतरीन पारी खेली। मुकाबले के पहले दिन यूपी की टीम ने 3 विकेट पर 287 रन बनाए थे। दूसरे दिन टीम के लिए आराध्य यादव (84) और जीशान अंसारी (58) ने अच्छी पारियां खेलीं। अंत में अभिनंदन सिंह ने 30 गेंद पर 43 रन बनाते हुए स्कोर 540 रन तक पहुंचा दिया। यूपी ने कुल 153.1 ओवर बल्लेबाजी की। बिहार के गेंदबाजों को टीम ने पूरी तरह थका दिया। बिहार के लिए इस पारी में अमोद यादव ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। उन्होंने 29.1 ओवर डालते हुए 6 मेडन के साथ 91 रन दिए और चार सफलताएं हासिल कीं।

रणजी ट्रॉफी में हरियाणा दूसरे दिन मजबूत स्थिति में

अंकित और यशवर्धन दलाल ने जमाए शतक

रोहतक

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हरियाणा की टीम ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। स्टंप्स तक हरियाणा ने अपनी पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 178 रन बना लिए हैं और वह मेहमान टीम के स्कोर से अब केवल 75 रन दूर है। इससे पहले, हिमाचल प्रदेश की पहली पारी 113.4 ओवरों में 253 रन पर सिमट गई। हिमाचल की ओर से मध्यक्रम के बल्लेबाज आकाश वशिष्ट ने संकट मोचन की भूमिका निभाते हुए शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 227 गेंदों का सामना करते हुए 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से नाबाद 113 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान पुखराज मान ने 30 और ऋतिक कालिया ने 28 रनों का योगदान दिया। हरियाणा के लिए घातक गेंदबाजी करते हुए तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने 27 ओवरों में 55 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। पार्थ वत्स ने 2, जबकि अमन कुमार और सामंत जाखड़ को 1-1 सफलता मिली। जवाब में, हरियाणा की शुरुआत सधी हुई रही। सलामी बल्लेबाज अंकित कुमार ने 7 चौकों की मदद से 59 रनों की शानदार पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर यशवर्धन दलाल 69 रन और ऑलराउंडर पार्थ वत्स 33 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। दोनों बल्लेबाज तीसरे दिन पारी को आगे बढ़ाएंगे। हिमाचल की ओर से गेंदबाजी में आर्यमन सिंह ने शुरुआती झटके देते हुए 3 विकेट अपने नाम किए, जबकि अर्पित गुलेरिया को 1 सफलता मिली। मैच के तीसरे दिन हरियाणा की नजरें पहली पारी में बढ़त हासिल करने पर टिकी होंगी।

खबर संक्षेप

कार्ट रिपब्लिक से जुड़ी 11 वर्षीय रेसर अतिका

सिंगापुर। भारतीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर को एफवन ड्राइवरों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कार्ट रिपब्लिक (केआर) टीम ने अनुबंधित किया है। यह इटली के दिग्गज डिनो चिएसा की टीम है, जिन्होंने लुई हैमिल्टन सहित कई फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन के करियर को आगे बढ़ाने में मदद की है। भारत की 11 वर्षीय रेसर अतिका ने यूरोप में कई कार्टिंग सीरीज में अपने प्रदर्शन से चिएसा को प्रभावित किया और उन्होंने अब सत्र के बीच केआर से जुड़ने का फैसला किया है।

पाक ने श्रीलंका को हराकर सीरीज पर किया कब्जा

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर श्रीलंका को 82 रन से करारी शिकस्त दी और इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। माज़ सदाकत (96) और कप्तान साहिबजादा फरहान (73) दोनों को शुरू में जीवनदान मिले, जिसका फायदा उठाकर उन्होंने बड़ी पारियां खेली। इससे पाकिस्तान तीन विकेट पर 215 रन बनाने में सफल रहा, जो 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए 6 विकेट पर 232 रन के बाद उसका टी20 में दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। श्रीलंका की टीम बड़े लक्ष्य के सामने लड़खड़ा गई और 7 विकेट पर 133 रन ही बना पाई।

वीनू मांकड़ ट्रॉफी: हरियाणा अंडर-19 टीम ने ओडिशा को सात विकेट से दी मात

रोहतक

पुदुचेरी के सीएपी ग्राउंड-4 पर खेले गए वीनू मांकड़ ट्रॉफी एलीट ग्रुप के एक रोमांचक मुकाबले में हरियाणा अंडर-19 क्रिकेट टीम ने ओडिशा अंडर-19 को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी धमाकेदार जीत दर्ज की है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओडिशा की टीम ने सधी हुई शुरुआत की और 47.4 ओवर में 263 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. ओडिशा की ओर से सुभासिस मल्लिक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 117 गेंदों पर 12 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। इसके अलावा शुभम पलाई ने 58 रनों का अहम योगदान दिया। हरियाणा की तरफ से गेंदबाजी आक्रमण में सिद्धार्थ दलाल, कर्तव्य जगदेव और प्रक्षित राठी ने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट झटके, जिससे ओडिशा की पारी बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच सकी। 264 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम की शुरुआत भी मजबूत रही। टीम ने 46.3 ओवरों में मात्र 3 विकेट खोकर आसानी से 264 रन बना लिए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान और स्टार बल्लेबाज निधिष गौड़ ने कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 113 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनका बखूबी साथ निभाते हुए संदीप परिहार ने ताबड़तोड़ 63 रन जोड़े, जिसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इसके अलावा अर्जुन वीर सिंह ने 24 और गौरिश दहिया ने नाबाद 22 रनों का योगदान दिया। ओडिशा के गेंदबाजों में राज यादव और जोगेश्वर बाग को 1-1 सफलता मिली।

कप्तान निधिष का शतक

निधिष गौड़

प्रक्षित राठी

शंघाई मास्टर्स : राफेल जोडर ने की जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी

राफेल ने लेहेका के खिलाफ दर्ज की जीत, पहुंचे चौथे राउंड में

एजेंसी ▶▶| शंघाई

शंघाई मास्टर्स 1000 के तीसरे राउंड में राफेल जोडर ने जिरी लेहेका के खिलाफ 4-6, 7-6(2), 6-4 से जीत दर्ज करते हुए चौथे राउंड में जगह बनाई। जोडर ने इस सीजन की अपनी 40वीं जीत हासिल करते हुए अपने पहले एटीपी टूर पर लगातार प्रभावित किया है। 20 वर्षीय खिलाड़ी इस सीजन में किसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे राउंड में पांचवीं बार पहुंचा है। जोडर ने लगातार 5 इवेंट्स में ऐसा किया, जिससे वे 2007 में नोवाक जोकोविच के बाद ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।



जिरी की सर्विस रही शानदार : जोडर

मैच के बारे में जोडर ने कहा, डटे रहना, यही वह बात है जिस पर उन्हें सबसे ज्यादा गर्व है। आज के हालात में खेलना बहुत मुश्किल था। जिरी ने शुरू से आखिर तक बहुत अच्छा खेला और उनकी सर्विस भी शानदार रही। आज यह मैच जीतने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना पड़ा। जोडर भी एटीपी फाइनल्स के दावेदार बन गए हैं। वह अभी 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में 11वें नंबर पर हैं।

ला लीगा: रेसिंग सैंटेंडर ने 2-2 पर रोका मुकाबला

पहले ही मिनट में गोल, फिर भी जीत से चूका वैलेंसिया

एजेंसी ▶▶| सैंटेंडर

वैलेंसिया सीएफ ने ला लीगा के मैचडे 8 में रियल रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले में वैलेंसिया के लिए दानी राबा और डेविड ओटोरबी ने गोल किए। वैलेंसिया ने मैच की शानदार शुरुआत की और मुकाबला शुरू होने के एक मिनट के भीतर ही बढ़त हासिल कर ली। जेवियर एगुइरे की टीम के लिए दानी राबा ने हाल ही में प्रमोट हुई रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ शुरुआती गोल दागा।

हालांकि, मेजबान टीम ने 32वें मिनट में वापसी की। इनिगो विसेंट ने शानदार मूव बनाते हुए यासिर जबिरी को गोल करने का मौका दिया, जिसे उन्होंने भुनाकर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, वैलेंसिया के युवा सब्स्टीट्यूट डेविड ओटोरबी ने 65वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 2-2 से ड्रॉ दिलाया।

घरेलू मैदान में जीता रियल बेटिस

एक अन्य मैच में इस्को ने दो गोल किए और रियल बेटिस ने अपने घरेलू मैदान पर ओसासुना को 5-2 से हराया, जिससे वे ला लीगा में तीसरे स्थान पर पहुंच गए और टॉप पर चल रही बार्सिलोना से पांच अंक पीछे हैं। ओसासुना के डिफेंडर उनाई सैंटोस के फाउल करने के बाद इस्को ने दसवें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल करके खाता खोला और 31वें मिनट में कुचो हर्नांडेज की मदद से एज अब्दे ने बेटिस की बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफ टाइम के तीन मिनट बाद बेटिस 3-0 से आगे हो गई जब एंटे बुदिमिर का क्लीयरेंस का प्रयास डिएगो लोरेंटे से टकराकर नेट में चला गया, लेकिन बुदिमिर और बेटिस के पूर्व फॉरवर्ड राउल गार्सिया के तेज गोल ने ओसासुना को मुकाबले में वापस ला दिया।

रियल सोसिदाद ने कोरुना की वापसी को किया नाकाम

रियल सोसिदाद ने दूसरे हाफ में डेपोर्टिवो ला कोरुना की जबरदस्त वापसी की कोशिश को नाकाम करते हुए अपने घरेलू मैदान पर 3-2 से जीत हासिल की, जबकि मैच के आखिर में उनके पास दस खिलाड़ी ही बचे थे। टीम को शुरुआती बढ़त जॉन मार्टिन ने दिलाई, जिन्होंने कार्लोस सोलर के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर गोल किया। इसके बाद आर्सेन जखार्यान ने 34वें मिनट में गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। सोसिदाद ने अपनी बढ़त और मजबूत कर ली जब गोंकालो गुएडेस ने हाफवे लाइन से शानदार दौड़ लगाते हुए बाएं पैर से बेहतरीन गोल दागा और स्कोर 3-0 कर दिया। हालांकि, डेपोर्टिवो ने हार नहीं मानी और वापसी की कोशिश जारी रखी।

कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड के सामने नहीं टिकी द. अफ्रीका

डरबन। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला डरबन के मैदान पर जारी है। इस मैच के पहले दिन बैकफुट पर रहने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बाकी के दोनों दिनों में बढ़त बनाए रखी। साउथ अफ्रीका के सामने ऑस्ट्रेलिया ने पहले तो पहली पारी में 390 रन का मजबूत टोटल बनाया। इसके बाद साउथ अफ्रीकी बैटर्स को उनके घर की पिच पर कमिंस, स्टार्क और जोश हेजलवुड ने टिकने नहीं दिया, जिससे साउथ अफ्रीकी टीम 284 रन ही बना सकी और वह ऑस्ट्रेलिया से पीछे रही। इसके बाद तीसरे दिन के अंत तक ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट गंवाए 33 रन बना लिए थे और 139 रन की बढ़त हासिल कर ली है। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़ा स्कोर बनाकर साउथ अफ्रीका को हार की तरफ धकेलना चाहेगी।

162 पर साउथ अफ्रीका के गिरे 6 विकेट

डरबन के मैदान पर दूसरे दिन के अंत तक साउथ अफ्रीका ने एक विकेट पर 27 रन बना लिए थे। उसके लिए ऐडन मार्करम 15 रन, तो डेविड बेडिंगहम 112 रन बनाकर नाबाद रहे थे। इन दोनों ने तीसरे दिन पारी को आगे बढ़ाया और साउथ अफ्रीकी टीम 363 रन से पीछे थी। मार्करम और डेविड ने सधी शुरुआत की, लेकिन ज्यादा देर तक वे कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड के कहर को झेल नहीं सके। मार्करम को स्टार्क ने फिर अपने जाल में फंसाया और तीसरे दिन का पहला, जबकि साउथ अफ्रीका का दूसरा विकेट गिरा। मार्करम 67 गेंदों में सात चौकों की मदद से 37 रन बनाकर चलते बने। वहीं, डेविड ने मोर्चा संभाले रखा और 73 गेंदों में 49 रन बनाए।

खबर संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 11 नवंबर से

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय लवी मेले की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में रामपुर में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2026 इस वर्ष 11 से 14 नवंबर तक आयोजित होगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेल, पारंपरिक बाजार, स्थानीय उत्पादों, पशुपालन और जन-जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां भी होंगी। मेले के दौरान चार सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी। इनमें दो संध्याएं पहाड़ी संस्कृति, एक बॉलीवुड और एक पंजाबी संगीत पर आधारित होगी।

ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश दो की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना का एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस एयरक्राफ्ट में सवार दो पायलटों की मौत हो गई है। पाकिस्तानी सेना ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी। सेना ने बताया कि तकनीकि खराबी के कारण पाकिस्तान आर्मी एविएशन का मुशशक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। हादसे के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख व्यक्त किया है। बता दें कि इससे पहले भी पाकिस्तान में एयरक्राफ्ट क्रैश के मामले सामने आ चुके हैं।

ट्रंप जूनियर की पूर्व मंगेतर की बढ़ी मुश्किलें

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, गलत व्यवहार की कई खबरों के बाद किम्बर्ली गिल्फॉइल को ग्रीस में अमेरिकी राजदूत के पद से हटाने पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप उन खबरों पर नजर रख हैं जिनमें दावा किया गया है कि गिल्फॉइल, जो चार साल तक ट्रंप के सबसे बड़े बेटे डोनल्ड ट्रंप जूनियर की मंगेतर थीं, ने राजदूत को तौर पर महंगे तोहफे लिए और अपनी नियुक्ति की पुष्टि होने से पहले प्रशासन के लोगों से मिलवाने के बदले पैसे मांगे। गिल्फॉइल के वकीलों ने पैसे मांगने के आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि उनकी यात्रा के बारे में खबरें गुमराह करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने संघीय तोहफों और रिपोर्टिंग से जुड़े नियमों का पालन किया।

राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोले सीपी राधाकृष्णन

भारत को इतना शक्तिशाली बनाना है कि कोई भी देश हम पर अनैतिक व अवांछित शर्त न थोप सके

उपराष्ट्रपति ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए एकीकृत रणनीति और मजबूत नीतियों पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत का लक्ष्य विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनना है, लेकिन दूसरों पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई देश उस पर अनैतिक शर्तें न थोप सके। प्रत्येक राष्ट्र की संप्रभुता और आत्मसम्मान का सम्मान होना चाहिए तथा देशों को एक-दूसरे की क्षेत्रीय सीमाओं का अतिक्रमण करने से बचना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण, मजबूत नीतियों और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप रणनीति बनाने पर जोर दिया।

मित्र देशों के 41 अधिकारियों सहित कुल 122 प्रतिभागी शामिल हुए

कार्यक्रम में सामूहिक तस्वीर ली गई

चुनौतियों से निपटना सामूहिक जिम्मेदारी

उपराष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के 66वें पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को 'भारत के मूल मूल्य, राष्ट्रीय हित और राष्ट्रीय उद्देश्य' विषय पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में भारतीय सशस्त्र बलों, सिविल सेवाओं, पुलिस और अन्य सरकारी संगठनों के अधिकारियों के साथ मित्र देशों के 41 अधिकारियों सहित कुल 122 प्रतिभागी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समकालीन सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक सोच, एकीकृत नीति निर्माण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी है।

वसुधैव कुटुंबकम भारत की पहचान

राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्रीय मूल्य किसी देश की पहचान की आधारशिला होते हैं और दुनिया के साथ उसके संबंधों को दिशा देते हैं। भारत का सभ्यतागत दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' इसका उदाहरण है। कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री पहल, आपदाओं में सहायता और जलवायु परिवर्तन से निपटने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में भारत की भूमिका इन मूल्यों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रीय हित संविधान के मूल्यों से प्रेरित हैं। इनमें संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा, लोकतांत्रिक-धर्मनिरपेक्ष संघीय व्यवस्था बनाए रखना, रणनीतिक और आर्थिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाना, विकास के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना तथा अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता में योगदान देना शामिल है।

साइबर खतरों से निपटने के लिए सहयोग जरूरी

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आतंकवाद, साइबर खतरे, महामारियां, जलवायु परिवर्तन और अंतरराष्ट्रीय अपराध जैसी चुनौतियां किसी एक देश तक सीमित नहीं हैं। इनके समाधान के लिए देशों के बीच सूचना साझा करना, आपसी विश्वास बढ़ाना और समन्वित कार्रवाई करना आवश्यक है। वैश्विक हितों को आगे बढ़ाना एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

बीते तीन दिनों में भारतीय नाविक वाले 3 जहाजों पर हुए हमले

होर्मुज के पास जहाज पर हमला: 2 भारतीय लापता भारत ने कहा- तत्काल रोकें, हम बर्दाश्त नहीं करेंगे

हमले के पीछे कौन है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है भारत सरकार जहाज से जुड़ी कंपनी के संपर्क में है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में एमटी पेट्रो डॉल्फिन और एमटी वैल्थेरा पर हुए हमलों की भारत ने निंदा की है। पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन हमले के बाद 11 भारतीय नाविकों में से नौ को बचा लिया गया, जबकि दो लापता हैं। भारत ने तत्काल तनाव कम करने, बातचीत के जरिए संघर्ष का समाधान निकालने और अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने की मांग की है। होर्मुज के आसपास समुद्र में व्यावसायिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। 11 अक्तूबर 2026 को दो टैंकरों एमटी पेट्रो डॉल्फिन और एमटी वैल्थेरा पर हुए हमलों की भारत सरकार ने निंदा की है।

इनमें से एक जहाज पर ड्रोन से हमला हुआ, जबकि दूसरे पर अज्ञात चीज से हमला किया गया, जिससे उसमें आग लग गई। पेट्रो डॉल्फिन पर सवार 11 भारतीय नाविकों में से नौ को सुरक्षित बचा लिया गया है, लेकिन दो अब भी लापता हैं। वहीं, वैल्थेरा पर सवार सभी 11 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने इस पूरे घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा है कि इलाके में तनाव तुरंत कम होना चाहिए और जारी संघर्ष का हल बातचीत और कूटनीति के जरिए निकाला जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने बयान में दोनों व्यावसायिक जहाजों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। मंत्रालय के मुताबिक, एमटी पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन से हमला किए जाने की खबर है। जहाज पर सवार 11 भारतीय नाविकों में से दो के लापता होने की सूचना है। दूसरी ओर, मार्शल आइलैंड के झंडे वाले टैंकर एमटी वैल्थेरा पर अज्ञात प्रक्षेप्य से हमला हुआ, जिसके बाद जहाज में आग लग गई। राहत की बात यह रही कि वैल्थेरा पर मौजूद सभी 11 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए गए हैं।

भारतीय क्रू वाले जहाज एमटी पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन से हमला हुआ

11 भारतीय नाविकों में से 9 को बचा लिया गया, जबकि 2 अब लापता

धमाके के बाद जहाज में आग ही आग

अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की पहल

भारत व्यावसायिक जहाजों और उन पर काम करने वाले नाविकों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग मजबूत करने की भी वकालत कर रहा है। इसी दिशा में भारत और लाइबेरिया ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स ऑन सेफ्टी एंड सिक्योरिटी ऑफ शिपिंग एंड सीफेरर्स' की शुरुआत की थी। इस पहल का मकसद समुद्री क्षेत्र से जुड़े देशों और संबंधित पक्षों के बीच तालमेल बढ़ाना है, ताकि जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को वैश्विक चर्चाओं में प्राथमिकता मिल सके। भारत का जोर है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर व्यापार सुरक्षित रहे और नाविकों की जान को खतरे में डालने वाली घटनाओं को रोकने के लिए मिलकर काम किया जाए।

मस्कट स्थित भारतीय दूतावास अलर्ट

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमान की राजधानी मस्कट में मौजूद भारतीय दूतावास पूरे घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। दूतावास ओमान के संबंधित अधिकारियों और दोनों जहाजों का प्रबंधन संभालने वाली कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में है। इसका मकसद लापता भारतीय नाविकों को तलाशने के प्रयासों में मदद करना और जहाजों पर मौजूद भारतीय चालक दल को हरसंभव सहायता पहुंचाना है। भारत सरकार ने साफ किया है कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा उसके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है।

व्यापारिक जहाजों पर बार-बार हमले से भारत चिंतित

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस इलाके में व्यावसायिक जहाजों पर बार-बार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं। इससे पहले से तनावपूर्ण हालात और बिगड़ने का खतरा है। समुद्र में इस तरह की घटनाएं न सिर्फ जहाजों और उन पर काम करने वाले नाविकों की जान जोखिम में डालती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार पर भी असर डाल सकती हैं। भारत ने दोहराया है कि इस क्षेत्र में जारी संघर्ष को जल्द से जल्द शांत किया जाना चाहिए और विवादों का समाधान बातचीत तथा कूटनीति के रास्ते निकाला जाना चाहिए।

जहाजों, नाविकों और नागरिक ठिकानों पर हमले बंद हों

भारत ने अपने बयान में स्पष्ट कहा कि व्यावसायिक जहाजों, नाविकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की घटनाएं बंद होनी चाहिए। विदेश मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर जहाजों की सुरक्षित और बिना किसी बाधा के आवाजाही सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। भारत का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक समुद्री रास्तों से व्यापार जारी रहना चाहिए और जहाजों को सुरक्षित आवाजाही का अधिकार मिलना चाहिए। मंत्रालय ने संघर्ष में शामिल पक्षों से तनाव कम करने और कूटनीतिक बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की है।

वैल्थेरा में आग लगी लेकिन सभी 11 भारतीय नाविक सुरक्षित

केंद्रीय मंत्री सरबानंद सोनोवाल ने एमटी वैल्थेरा को लेकर भी जानकारी साझा की थी। रविवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में इस टैंकर पर अज्ञात प्रक्षेप्य से हमला हुआ था, जिसके बाद जहाज में आग लग गई। इस जहाज पर भी 11 भारतीय नाविक सवार थे। अधिकारियों के मुताबिक, सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। इस घटना के बाद संबंधित एजेंसियां और जहाज प्रबंधन कंपनी स्थिति पर लगातार नजर रख रही हैं, ताकि चालक दल की सुरक्षा और जरूरतों का ध्यान रखा जा सके।

सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस से जुड़ा है लिंक

अदालत में पेश न होने पर 'भगोड़ा' घोषित होंगे शाहबाज और रेहान

अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित

शाहबाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी और आतंकी माड्यूल से जुड़े मामले में फरार शाहबाज अंसारी और उसके चाचा रेहान अंसारी पर कानून का शिकंजा कसने की तैयारी है। राउज एवेन्यू स्थित सत्र अदालत ने दोनों के खिलाफ भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि दोनों 30 नवंबर तक पेश नहीं होते हैं तो उन्हें भगोड़ा घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट तामील नहीं हो सके हैं और वे गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे हैं। क्राइम ब्रांच ने अदालत को बताया कि बुलंदशहर स्थित शाहबाज और रेहान के घरों पर 29 जुलाई और चार अगस्त को छापेमारी की गई थी, लेकिन दोनों के घर बंद मिले। पुलिस ने दूसरे राज्यों में भी उनकी तलाश की। अदालत ने पुलिस की रिपोर्ट, बयानों का अवलोकन करने के बाद माना कि दोनों गिरफ्तारी से बच रहे हैं। इसी आधार पर अदालत ने भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आदेश दिया। इस मामले में क्राइम ब्रांच अब तक 20 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

मूसेवाला हत्याकांड में हथियार सप्लाई

शाहबाज अंसारी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) के एक अन्य मामले में भी वांछित है। एजेंसी ने वर्ष 2022 में सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में हथियारों की आपूर्ति से जुड़े आरोपों के तहत उसके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कार्रवाई की थी। बताया जाता है कि जून 2025 में अंतरिम जमानत मिलने के बाद वह विदेश चला गया था। मौजूदा हथियार तस्करी मामले में भी यूएपीए लगाया गया है। पुलिस के अनुसार, शाहबाज के पिता कुर्बान अंसारी की वर्ष 2020 में कोविड के दौरान मौत के बाद उसने कथित तौर पर नेटवर्क की जिम्मेदारी संभाली थी। जांच में अवैध विदेशी हथियारों को पाकिस्तान से कुवैत और फिर नेपाल के रास्ते सोनौली सीमा के जरिये भारत लाने की आशंका जताई गई है। इस मामले में लारेंस के कई गैंगस्टर जेल में हैं।

बिम्सटेक की बैठक आज

बांग्लादेश के गृह मंत्री ने भारत आने से किया इनकार

एजेंसी ▶▶ ढाका

भारत और बांग्लादेश के बीच जारी कूटनीतिक तनाव के बीच बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने नई दिल्ली में आज मंगलवार को आयोजित होने वाली बिम्सटेक गृह मंत्रियों की पहली बैठक से दूरी बना ली है। उनकी अनुपस्थिति में अब ढाका का प्रतिनिधित्व एक वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल करेगा। यह दो दिवसीय बैठक सोमवार को सदस्य देशों के गृह और आंतरिक मंत्रालयों के अधिकारियों के विचार-विमर्श के साथ शुरू हुई।

क्षेत्र में तनाव बढ़ा

उत्तर कोरिया ने दागीं कई घातक बैलिस्टिक मिसाइलें

एजेंसी ▶▶ सियोल

उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर एक के बाद एक कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अनुसार, ये मिसाइलें राजधानी प्योंगयांग के आसपास के क्षेत्र से छोड़ी गईं। उत्तर कोरिया हाल के वर्षों में अपने हवाई अड्डे को मिसाइल प्रक्षेपण के प्रमुख केंद्र के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। सेना ने फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया कि कितनी मिसाइलें दागी गईं और उन्होंने कितनी दूरी तय की।

भारतीय नौसेना में शामिल हुआ आईएनएस मंगरोल

मुंबई। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाए गए तीसरे माहे-क्लास एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस मंगरोल को मुंबई, महाराष्ट्र के नेवल डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

वीजा नीतियों का असर

सपने छोड़ अमेरिका से स्वदेश लौट रहे भारतीय टेक पेशेवर पिछले साल की तुलना में अधिक

एच-1बी वीजा, ग्रीन कार्ड और जॉब मार्केट का दबाव

एजेंसी ▶▶ सिलिकॉन वैली

अमेरिका में छंटनी , एच-1बी वीजा की कड़ी शर्तों, पीईएआरएम-ग्रीन कार्ड प्रक्रिया के अचानक रोके जाने और कानूनी अनिश्चितताओं के बीच सैकड़ों भारतीय आईटी पेशेवर अपना अमेरिकी सपना पीछे छोड़कर भारत लौट रहे हैं।

अकेले टेक्सास राज्य में फॉरक्लोजर के 4,961 मामले सामने आए, जिसमें अगस्त 2026 में पिछले साल की तुलना में 43.46 फीसदी की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। स्थिति इतनी गंभीर व आपातकालीन हो गई है कि कई टेक पेशेवर संपत्ति बेचने या समेटने का समय न मिलने के कारण अमेरिका में अपने घर, फर्नीचर और गाड़ियां तक छोड़कर या कबाड़ी के पास भेजकर रातों-रात भारत आ रहे हैं। हैदराबाद लौटे एक टेक पेशेवर ने मीडिया को बताया कि वीजा और नौकरी की अनिश्चितता के बीच मेरे पास कोई विकल्प नहीं बचा था कई भारतीय परिवारों ने अमेरिका में बड़े घर खरीदे थे। लेकिन अचानक नौकरी जाने या वीजा अवधि खत्म होने पर वे अपने घर बेच नहीं पाए। कुछ क्षेत्रों में रियल एस्टेट की कीमतें गिरने से घर की वैल्यू कम हो गई, जिससे उन्हें प्रॉपर्टी बेचना घाटे का सौदा लगा या समय ही नहीं मिला। हाल ही में अमेरिकी प्रशासन द्वारा कंपनियों और आउटसोर्सिंग फर्मों के लिए लंबा समय लगा।

हूतियों पर रियाद के हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला करने का था आरोप

मक्का रक्षा समझौते के सक्रिय होने से बढ़ा क्षेत्रीय तनाव

सऊदी अरब की मदद पर भड़का ईरान, पाकिस्तान और तुर्की को यमन से दूर रहने की दे डाली चेतावनी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्की के बीच रक्षा सहयोग बढ़ने से पश्चिम एशिया में तनाव गहराने लगा है। ईरान ने इस समझौते की आलोचना करते हुए पाकिस्तान और तुर्की को यमन के मामलों में हस्तक्षेप से दूर रहने की चेतावनी दी है। तेहरान की नाराजगी की प्रमुख वजह सऊदी अरब को मिल रही सैन्य मदद और यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ तेज होते हवाई हमले हैं। हूती विद्रोहियों को ईरान का करीबी सहयोगी माना जाता है। ईरान ने पाकिस्तान की अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते सप्ताह यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद के हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला किया था।

तेहरान ने यमन में दखल के गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी

समझौते को बताया कागजी खानापूर्ति

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पड़ोसी देशों से आत्मनिर्भरता और वास्तविक भाईचारे पर आधारित नीति अपनाने की अपील की। वहीं, ईरानी संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति आयोग के सदस्य अहमद बख्शायेश ने समझौते को कागजी करार दिया। ईरानी नेता अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने पाकिस्तान और तुर्की को इतिहास से सीखने की सलाह देते हुए कहा कि यमन में वर्षों तक चले युद्ध के अनुभव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ईरानी सांसद इब्राहिम रेजाई ने कहा कि सऊदी अरब को बाहरी देशों के साथ समझौते करने के बजाय अपनी नीतियों में सुधार करना चाहिए। उधर, सांसद अहमद नादेरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यमन के खिलाफ युद्ध में सऊदी अरब का साथ देने से पाकिस्तान की छवि प्रभावित हो सकती है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415